

दैनिक
सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

मोबिलिटी रिपोर्ट के मुताबिक भारत 2028 तक बनेगा दुनिया में सबसे तेज बढ़ने वाला 5जी बाजार, बड़े पैमाने पर लग रहा नेटवर्क

वर्ष 52/ अंक 300/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10

संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल

■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, गुरुवार 22 जून 2023 भोपाल से प्रकाशित

dainiksandhyaprakash.in

सांध्यप्रकाश विशेष

पीएम मोदी ने राष्ट्रपति बाइडेन और फर्स्ट लेडी को दिया डायमंड का खास कीमती उपहार

पीएम मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और उनकी पत्नी जिल बाइडन से मुलाकात के दौरान कुछ उपहार भेंट स्वरूप दिए हैं, जिनमें ये ख़ास बॉक्स शामिल है। इस बॉक्स में दस दान राशि हैं- गौदान (गाय का दान), भूदान (भूमि का दान), तिलदान (तिल के बीज का दान),राजस्थान में हस्तनिर्मित, 24 कैरेट शुद्ध और हॉलमार्क वाला सोने का सिक्का हिरण्यदान (सोने का दान), रौप्यदान (चांदी का दान), लवंदन (नमक का दान), बॉक्स में गणेश जी की मूर्ति है, एक दीया (तेल का दीपक), डिब्बे में पंजाब का घी है, झारखंड के टसर रेशम का कपड़ा, उत्तराखंड से प्राप्त लंबे दाने वाला चावल और महाराष्ट्र का गुड़। साथ ही अमेरिका की फर्स्ट लेडी जिल बाइडन को पीएम मोदी ने उपहार के रूप में 7.5 कैरेट का ग्रीन डायमंड दिया है।

व्हाइट हाउस के अनुसार आधिकारिक उपहार के रूप में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और प्रथम महिला जिल बिडेन पीएम मोदी को 20वीं सदी की शुरुआत की एक हस्तनिर्मित, प्राचीन अमेरिकी पुस्तक गैली भेंट की। राष्ट्रपति बाइडेन, पीएम मोदी को एक विंटेज अमेरिकी कैमरा भी उपहार में दिया, जिसके साथ जॉर्ज ईस्टमैन के पहले कोडक कैमरे के पेटेंट का एक अभिलेखीय प्रतिकृति प्रिंट और अमेरिकी वन्यजीव फोटोग्राफी की एक हार्डकवर पुस्तक भी है। जिल बाइडेन ने पीएम मोदी को 'कलेक्टेड पोयम्स ऑफ रॉबर्ट फ्रॉस्ट' की हस्ताक्षरित, प्रथम संस्करण प्रति उपहार में दी।

वर्षों बाद 4 की जगह 8 सावन सोमवार, जानें कब शुरू हो रहा भोलेनाथ का पावन महीना

गले माह से सावन का महीना शुरू होना वाला है, सावन का पूरा महीना देवों के देव महादेव को समर्पित हाता है। सावन का महीना भगवान शिव को अतिप्रिय होता है, जिस वजह से इस माह के सोमवार का महत्व सबसे अधिक होता है। इस महीना शिव के भक्त पूरी श्रद्धा से भगवान भोलेनाथ की पूजा करते है। हिंदू धर्म में सावन का महीना बेहद

पवित्र माना जाता है। हर साल श्रावण मास यानी सावन महीने की शुरुआत आषाढ़ माह की पूर्णिमा तिथि के अगले दिन से होती है। इस पूरे माह में भोलेनाथ के भक्त शिव जी को प्रसन्न करने और उनकी कृपा पाने के लिए विधि-विधान से पूजा करते हैं। साथ ही कुंवारी कन्याएं मनचाहा वर पाने के लिए सोलह सोमवार का व्रत भी करती हैं।

4 की जगह 8 सावन सोमवार

इस बार सावन का पवित्र महीना 4 जुलाई 2023 से शुरू हो रहा है, जो कि 31 अगस्त 2023 को समाप्त होगा। यानी इस बार भक्तों को देवों के देव महादेव की उपासना के लिए कुल 59 दिन मिलने वाले हैं। माना जा रहा है कि ऐसा संयोग कई वर्षों बाद बन रहा है। वहीं इस बार भोलेनाथ के भक्तों को उनकी उपासना करने के लिए 4 के जगह 8 सावन के सोमवार मिलेंगे। धर्म शास्त्रों के अनुसार अधिक मास के स्वामी भगवान विष्णु हैं। वहीं सावन का महीना शिव जी को समर्पित है। ऐसे में इस बार सावन और अधिकमास साथ में पड़ने से भगवान शिव शंकर के साथ विष्णु की भी कृपा प्राप्त होगी।

सावन सोमवार की तिथियां

सावन का पहला सोमवार: 10 जुलाई, सावन का दूसरा सोमवार: 17 जुलाई, सावन का तीसरा सोमवार: 24 जुलाई, सावन का चौथा सोमवार: 31 जुलाई, सावन का पांचवा सोमवार: 07 अगस्त, सावन का छठा सोमवार: 14 अगस्त, सावन का सातवां सोमवार: 21 अगस्त, सावन का आठवां सोमवार: 28 अगस्त

नौवें योग दिवस पर यूएन में योग करते ही पीएम मोदी ने बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड

नई दिल्ली। नौवें योग दिवस के अवसर पर संयुक्त राष्ट्र में आयोजित एक योगशाल के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करा लिया है।

वो दुनिया के एकमात्र ऐसे प्रधानमंत्री बन गए हैं जिन्होंने इतनी बड़ी संख्या में विदेशी डेलीगेट्स के समक्ष योग किया है. संयुक्त राष्ट्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ही उन्हें इस उपलब्धि के लिए अवॉर्ड भी दिया गया. पीएम ने कहा कि योग भारत से आया है लेकिन यह कॉपी राइट से फ्री है। न्यूयॉर्क में स्थित संयुक्त राष्ट्र के हेडक्वार्टर में सभी देशों के दफ्तर हैं। ऐसे में नौवें योग दिवस के मौके पर जब यूएन में एक विशेष योगशाला का आयोजन किया गया तो इसमें लगभग सभी राष्ट्र के डिप्लोमैट ने हिस्सा लिया. आयोजन के दौरान संयुक्त राष्ट्र के उच्चस्तरीय अधिकारियों के अलावा विभिन्न देशों के डिप्लोमैट और दुनिया भर से आई बड़ी शखसियत मौजूद रही. यही वजह है कि इस योगशाला का नेतृत्व कर रहे पीएम नरेंद्र मोदी ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपनी जगह बना ली. यूएन में भारत की राजदूत रुचिरा कंबोज ने बताया कि 191 देशों ने योग दिवस के कार्यक्रम के दौरान हिस्सा लिया।

न्यूयार्क टाइम्स ने बताई मोदी की लोकप्रियता की बड़ी वजह...

न्यूयार्क। न्यूयॉर्क टाइम्स में मुजीब मशाल द्वारा लिखे गए एक लेख में दावा किया गया है कि पीएम मोदी की लोकप्रियता की एक बड़ी वजह उनका रेडियो शो मन की बात है। मुजीब मशाल ने अपने लेख में लिखा कि मन की बात कार्यक्रम स्थानीय लोगों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जुड़ने का मौका देता है। हर महीने प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम में पीएम मोदी देश में हो रहे हर छोटे-बड़े सकारात्मक बदलावों के बारे में बात करते हैं। लेख के अनुसार, पीएम मोदी सिर्फ इसलिए लोकप्रिय नहीं हैं कि वह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री हैं बल्कि इसलिए हैं क्योंकि उनका देश के लोगों पर बहुत प्रभाव है। साथ ही उनकी जो नीतियां हैं,

वह उनकी इसी विरासत को दर्शाती हैं।

देश की नब्ज पहचानते हैं पीएम मोदी- मशाल लिखते हैं कि पीएम मोदी की लोकप्रियता में उनकी पार्टी, जिसकी सोशल मीडिया पर जबरदस्त पकड़ है, की भी अहमियत है, जो उनके भाषणों के वीडियो और टेक्स्ट सोशल मीडिया पर फैलाती है। पीएम मोदी की दो सबसे बड़ी ताकते हैं, एक है उनकी देश की जमीनी स्तर की समझ और दूसरी उनकी कहानी कहने की क्षमता। अपनी इन खासियतों की वजह से पीएम मोदी देशवासियों के साथ जुड़ पाते हैं और अपनी सरकार की योजनाओं जैसे मुफ्त राशन और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर को लोगों के सामने प्रभावी तरीके से रखते हैं। कोरोना महामारी के दौरान भी पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के जरिए लोगों को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित किया। साथ ही वह समाज के ऐसे लोगों के बारे में बात करते हैं जो अपने प्रयासों से छोटे-छोटे बदलाव ला रहे हैं।

आज राजकीय डिनर में होंगे शामिल पीएम मोदी

गुरुवार शाम अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन उनके लिए स्टेट डिनर होस्ट करेंगे। इसका मेन्यू समाने आ गया है। इसमें कई एक्जॉटिक डिशेज के साथ मिलेट्स से बने व्यंजन भी शामिल किए गए हैं। स्टेट डिनर में मोदी को नींबू-डिल दही सॉस, कुरकुरा बाजरा केक, समर स्क्वाश, मसालेदार बाजरा और ग्रिल्ड मकई कर्नेल सलाद, कम्प्रेस्ड तरबूज, टैंगी एवोकाडो सॉस, भरवां पोर्टोबेलो मशरूम, मलाईदार केसर वाला रिसोट्टो, गुलाब और इलायची वाला स्ट्रॉबेरी शॉर्टकेक परोसा जाएगा। फर्स्ट लेडी जिल बाइडेन पिछले एक हफ्ते से इस डिनर की तैयारी को मॉनिटर कर रही हैं। उन्होंने गेस्ट शेफ के तौर पर कैलिफोर्निया की शाकाहारी शेफ नीना कर्टिस को चुना गया है। शेफ नीना व्हाइट हाउस के शेफ क्रिस कॉमरफोर्ड और सूसी मॉरिसन के साथ मिलकर डिशेज तैयार कर रही हैं।

आज बालाघाट में गौरव यात्रा का शुभारंभ करेंगे अमित शाह

भोपाल। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव की आहट शुरू हो गई है। सभी राजनीतिक दल बड़े-बड़े ऐलान करके सभी को साधने का प्रयास कर रहे हैं। इन सबके बीच मध्यप्रदेश में कई बड़े नेताओं के बीच दौरे लगातार जारी है। अभी कुछ दिनों पहले ही देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मध्य प्रदेश दौरे पर आए थे और अब गृह मंत्री अमित शाह आज मध्य प्रदेश दौरे पर है। वह मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में पहुंचेंगे।

आज शाम अमित शाह गौरव यात्रा का शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही बताया जा रहा है कि अमित शाह वीरांगना रानी दुर्गावती के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित कर अलग-अलग जिलों से 5 यात्राएं निकलेंगे, जिनका समापन 27 जून को होगा। अपने प्रवास के दौरान अमित शाह प्रदेश की 30 विधानसभा सीटों को साधने के लिए छह दिनी रानी दुर्गावती गौरव यात्रा का शुभारंभ करेंगे।

इस यात्रा की जिम्मेदारी आदिवासी नेताओं को सौंपी गई है। अमित शाह जिले के उत्कृष्ट विद्यालय के मैदान में जनसभा को

संबोधित करेंगे। अमित शाह रायपुर से शाम 4 बजे बालाघाट के पुलिस परेड ग्राउंड में बने हेलीपेड पर पहुंचेंगे। गृहमंत्री शाह सूबे के बालाघाट से पहली गौरव यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे। इस कार्यक्रम में सीएम शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा समेत अन्य बड़े नेता भी शामिल होंगे। जानकारी के मुताबिक, रोड-शो बालाघाट के जयस्तंभ चौक से डा. आंबेडकर चौक और सीएम राइज स्कूल तक डेढ़ किलोमीटर मार्ग में होगा। बालाघाट दौरे के दौरान अमित शाह सिद्ध प्राचीन हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना भी करेंगे। गौरतलब है कि बालाघाट जिला प्रशासन ने गृह मंत्री अमित शाह के दौरे को सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

पांच यात्राओं का शुभारंभ करेंगे केंद्रीय गृहमंत्री: चौहान

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि आज से प्रदेश में अलग अलग 5 गौरव यात्राएं प्रारंभ होगी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह यात्रा का शुभारंभ करेंगे। अमित शाह जी का आज एमपी दौरा है। मीडिया से चर्चा करते हुए श्री चौहान ने कहा कि 9 साल पूरे हुए हैं यह नौ साल भारत के नव निर्माण के 9 साल हैं। उन्होंने कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती भारत के स्वाभिमान और वीरता की प्रतीक है। उन्हें पूरा प्रदेश देवी के रूप में देखता है। उन्होंने बताया कि 27 तारीख को पीएम मोदी शहडोल में गौरव यात्राओं का समापन करेंगे। पीएम मोदी भोपाल में 2 वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे और बूथ स्तर के कार्यर्ताओ को संबोधित करेंगे। सिकिल सेल एनीमिया मिशन और आयुष्मान कार्ड का वितरण शहडोल से होगा। स्वाथ्य केंद्रों और उसी के साथ पंचायतों और गांव में भी वितरण शुरू होगा। शाम को लखपति दीदी से संवाद करेंगे। श्री मोदी पेसा एक्ट लागू हुआ स्वयं तेंदूपत्ता तोड़ने वालो से भी संवाद करेंगे, उन्हीं के साथ खाना भी खाएंगे।

मध्य प्रदेश में नक्सली पांव पसारेंगे तो काट देंगे: मिश्रा

बालाघाट। हमारे जवानों व अधिकारियों ने 10 महीनों के अंदर ही करीब डेढ़ करोड़ के नक्सलियों को या तो ढेर किया है या सलाखों के पीछे भेजा है। राज्य में नक्सली अगर अपने पांव पसारेंगे, तो उनके पांव काट दिए जाएंगे। यह बातें पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस के आला अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के बाद मध्य प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहीं।

गृहमंत्री ने कहा कि बालाघाट में पिछले 10 महीनों में नक्सल उन्मूलन को लेकर की गई कार्रवाई पर खुशी जाहिर की। गुरुवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बालाघाट दौरे के लिए बालाघाट पहुंचे गृहमंत्री ने नक्सल उन्मूलन और

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के संबंध में बैठक ली। बैठक में मप्र के डीजीपी सुधीर सक्सेना, एडीजी आदर्श कटियार, ओएसडी अशोक अवस्थी, आईजी संजय कुमार, डीआईजी मुकेश श्रीवास्तव, एसपी समीर सौरभ आदि मौजूद रहे।

शाजापुर: ट्रक-बोलेरो में भिड़ंत, 1 की मौत

शाजापुर। जिला मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर ट्रक और बोलेरो में भिड़ंत हो गई। बुधवार रात 11.30 बजे रोजवास टोल के पास हुए हादसे में बोलेरो सवार दो लोगों की मौत हो गई। कोतवाली थाना प्रभारी संतोष सिंह वाघेला ने बताया कि बोलेरो सवार 8 लोग घायल हैं। सभी शाजापुर के हैं और उज्जैन हाट बाजार के लिए निकले थे। वहां ये दुकान लगाते हैं।

श्योपुर में बस खाई में पलटी, 25 घायल

श्योपुर में स्लीपर कोच बस खाई में पलट गई। बुधवार देर रात हुए हादसे में 25 लोग घायल हुए हैं, दो की हालत गंभीर है। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस विजयपुर से जयपुर राजस्थान जा रही थी। हादसा मानपुर थाना इलाके के चक बमुलिया गांव के पास हुआ। घायल यात्रियों का कहना है कि ड्राइवर फोन पर बात करते हुए बस चला रहा था।

मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा आज कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में एक्सपर्ट शो का आयोजन किया गया। इसमें प्रमुख सचिव शिवशेखर शुक्ला के अलावा कई फिल्मी हस्तियां एवं अधिकारी शामिल हुए।

चीन के रेस्टोरेंट में ब्लास्ट, 31 की मौत

बीजिंग। चीन के यिनचुआन शहर में बुधवार देर रात एक रेस्टोरेंट में धमाका हो गया। हादसे में 31 लोगों की मौत हो गई। चीनी मीडिया शिन्हुआ के मुताबिक, गैस के रिसाव के कारण धमाका हुआ। 7 लोग घायल बताए जा रहे हैं। सभी को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

हादसे के दौरान इलाके में काफी भीड़ थी। यहां ड्रैगन बोट फेस्टिवल की तैयारियां चल रही थीं। यिनचुआन शहर निंग्जिया नाम के स्वशासित प्रांत की राजधानी है। इस प्रांत कि आबादी 68 लाख है। इनमें से 36 प्रतिशत लोग मुस्लिम हैं। चीनी मीडिया ने हादसे के बाद की कुछ तस्वीरें जारी की हैं।

8 राज्यों में भारी बारिश का अनुमान, असम के 10 जिलों में बाढ़

नई दिल्ली। मानसून को आए हुए 15 दिन हो चुके हैं। अब तक यह आधे राज्यों में भी ठीक से नहीं पहुंचा है। मौसम विभाग ने बताया है कि आज और कल मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और झारखंड समेत 8 राज्यों में भारी बारिश हो सकती है। इधर, पूर्वोत्तर राज्यों में बारिश से बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। असम में ब्रह्मपुत्र नदी उफान पर है। असम स्टेट डिजास्टर के मुताबिक, राज्य के 10 जिलों में बाढ़ से हालात खराब हैं। 108 गांवों में 1 लाख 20 हजार लोग प्रभावित हुए हैं। सबसे ज्यादा नलबाड़ी जिले में बाढ़ से 45 हजार लोग प्रभावित हैं।

मौसम विभाग ने अगले 4 दिन यानी 22 से 26 जून तक पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम और मेघालय में भारी बारिश का अनुमान जताया है। पश्चिम बंगाल के मालदा और बिहार के जमुई जिले में बुधवार को बिजली गिरने से 11 लोगों की मौत हो गई। मालदा में 12 बच्चे

भी बिजली गिरने से घायल हुए हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान देश भर में हुई मौसमी हलचल पिछले 24 घंटों के दौरान, सिक्किम, असम और अरुणाचल प्रदेश में मध्यम से भारी बारिश हुई है। मध्य प्रदेश और हिमाचल प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ एक या दो स्थानों पर भारी बारिश हुई। उत्तराखंड, पूर्वोत्तर भारत, बिहार के कुछ हिस्सों, झारखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा उत्तर पूर्व राजस्थान, तटीय कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, रायलसीमा और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में हल्की से मध्यम बारिश हुई। दिल्ली एनसीआर, छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों, तेलंगाना, लक्षद्वीप और तटीय आंध्र प्रदेश में हल्की बारिश हुई। विदर्भ, छत्तीसगढ़, पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों और ओडिशा में लू और प्रचंड लू चली। पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड में एक या दो स्थानों पर गर्म हवाएँ चलीं।

मध्यप्रदेश: टीकमगढ़ और निवाड़ी में भारी बारिश से नाले उफनाए

मप्र के टीकमगढ़ और निवाड़ी जिले में भारी बारिश से हालात बिगड़ गए हैं। रातभर से रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण छोटी नदियां और नाले उफना गए। जेवरा गांव में नाला उफनाने से टीकमगढ़-झांसी हाईवे डूब गया। पृथ्वीपुर (निवाड़ी) में पूर्व मंत्री स्वर्गीय बृजेंद्र सिंह राठौर के बंगले में पानी घुस गया। निवाड़ी और झांसी बॉर्डर के उरदौरा गांव में कई घरों में बारिश का पानी भर गया। निवाड़ी के थौना गांव में दो से तीन मकानों के गिरने की खबर है। कई घरों में पानी भर गया। आज 5वीं और 8वीं क्लास में फेल हो गए बच्चों का दोबारा एग्जाम था। कई बच्चे एग्जाम सेंटर तक नहीं पहुंच पाए। गुरुवार सुबह नाला पार करते समय बाइक बह गई। चालक सुरक्षित है। टहरौली का रहने वाला पवन कुशवाहा कुंवरपुरा गांव से टहरौली लौट रहा था। कुंवरपुर-टहरौली रोड पर नाला उफान पर है। लोगों के मना करने के बाद भी उसने अपनी बाइक तेज बहाव में उतार दी थी। भोपाल में भी गुरुवार सुबह हल्की बूंदाबांदी हुई है। इंदौर में भी बारिश हुई। पिछले 24 घंटे में दतिया में 2 इंच से ज्यादा पानी गिर गया। मानसून आने में अभी तीन दिन है, लेकिन प्री मानसून एक्टिविटी बारिश करा रही है। बिपरजॉय तूफान की एक्टिविटी के बीच मध्यप्रदेश में मानसून की एंट्री पूर्वी हिस्से से पहले होगी।

पत्रकारिता विश्वविद्यालय में मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

भोपाल । माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। विश्वविद्यालय के बिशनखेड़ी स्थित माखनपुरम कैंपस के संदीपनी ध्यान केंद्र में विश्वविद्यालय परिवार के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने इसमें भाग लिया । सुश्री आरती शर्मा ने योग की महत्ता बताते हुए ध्यान, प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, भ्रांमरी, एवं विभिन्न आसनों को करवाया । इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. (डॉ) अविनाश वाजपेयी ने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग बहुत ही आवश्यक है । उन्होंने कहा कि नियमित रुप से योग करने से हमारे शरीर में स्फूर्ति बनी रहती है, साथ ही कई बीमारियां भी नहीं होती हैं।

भोपाल में हुक्का संचालकों पर एफआईआर दर्ज

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर जिले में नशा मुक्ति अभियान की कर्रवाई निरंतर जारी है। आबकारी अमले के द्वारा लगातार कारवाई की जा रही है।सहायक आयुक्त आबकारी भोपाल दीपम रायचूरा के द्वारा हुक्कापान के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की गई है।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट के द्वारा धारा 144 के अंतर्गत जिला भोपाल में ई हुक्का/निकोटिन हुक्का प्रतिबन्धित किया गया था। जिसके क्रियान्वयन व मॉनिटरिंग हेतु एसडीएम, आबकारी अधिकारी, थाना प्रभारी, खाद्य व औषधीय अधिकारी की संयुक्त टीम को हुक्का बारों पर सघन चेकिंग की गई। जिसमें सेवन ओक ,बैरागढ़, हाईडआउट, गाँधीनगर,लेटिट्यूट, एम पी नगर पर हुक्का संचालन पाये जाने पर, आबकारी विभाग द्वारा हुक्का संचालकों के विरुद्ध सम्बन्धित थाना क्षेत्रों में भा. द. वि. धारा 188 कार्रवाई की स्नद्धक्र दर्ज कराने की कार्यवाही की गई।

शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में भोपाल जिले को मिला प्रथम स्थान

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा शिशु स्वास्थ्य में बेहतर कार्य करने वाले जिलों की रैंकिंग जारी की गई है। रैंकिंग में भोपाल जिले को पहला स्थान प्राप्त हुआ है। यह रैंकिंग शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़े हुए 11 विभिन्न कार्यक्रमों के आधार पर तैयार की गई है । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ प्रभाकर तिवारी ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा शिशु स्वास्थ्य, पोषण एवं बाल मृत्यु दर में कमी लाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में बच्चों के भिन्न भिन्न आयुवर्ग और बीमारियों के अनुसार उपचार की सेवाएं दी जा रही हैं।

जिसके तहत संस्थागत स्तर पर एस.एन.सी.यू., पोषण पुनर्वास केंद्र, जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। सामुदायिक स्तर पर बीमारियों की पहचान, रोकथाम एवं उपचार के लिए दस्तक अभियान, एनीमिया मुक्त भारत अभियान, आशा द्वारा गृह आधारित शिशु स्वास्थ्य देखभाल जैसी विभिन्न सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। शिशु स्वास्थ्य के लिए जारी राज्यस्तरीय रैंकिंग में एस.एन.सी.यू. में भर्ती बच्चों के उपचार और फॉलोअप, पोषण पुनर्वास केंद्रों में भर्ती कुपोषित बच्चों के उपचार, पोषण पुनर्वास केंद्रों की बेड ऑक्युपेंसी, बाल मृत्यु दर में कमी लाए जाने हेतु मृत्यु का समय पर नोटिफिकेशन व मृत्यु की संस्थागत समीक्षा एवं वर्बल ऑटोप्सी , राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों में चार विलंबात्मक बीमारियों की पहचान , आशा कार्यकर्ताओं द्वारा गृह भेंट के दौरान शिशुओं की देखभाल एवं बीमारियों की पहचान व रेफरल ,एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम अंतर्गत हिमोग्लोबिन टेस्टिंग के द्वारा एनीमिया की पहचान जैसी सेवाओं को शामिल किया गया है।

संत नगर के स्कूलों और कालेजों में किया योग प्राणायाम

संत हिरदाराम नगर। संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन महाविद्यालय की एन.एस.एस., स्पोर्ट्स कमेटी एवं फिटनेस क्लब द्वारा किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने इस अवसर पर अपने समस्त स्टॉफ को दिनचर्या में योग को सम्मिलित करने की सलाह दी। शहीद हेमू कालानी एजूकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित स्कूलों मिठ्ठी गोबिन्दराम, नवनिध, एवं सीएचआई गर्ल्स स्कूल, गांधीनगर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन पूरे उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर संस्था के उपाध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी, सचिव ए.सी साधवानी, अकादमिक डायरेक्टर गोपाल गिरधानी, प्रशासनिक अधिकारी भगवान बाबानी समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने योग क्रियाओं में सक्रिय भागीदारी की। इधर, कला लक्ष्मनदास वेंसीमल गनवानी फाउंडेशन स्कूल एवं केवलराम चैनराय पब्लिक स्कूल में अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग आसान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका रेखा श्रीवास्तव ने अंतराष्ट्रीय योग दिवस तथा योग प्राणायाम के विषय मे सभी को जानकारी दी। प्राचार्य राजेश लालवानी की उपस्थिती में ध्यान, प्राणायाम, योग आसान करवाये गये। सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी स्कूल के नंदवानी भवन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम मनाया गया। विद्यालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ योग किया एवं शपथ ली कि हम आजीवन योग करेगें और अपने शरीर को स्वस्थ रखेगें। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित किया। इधर, नव युवक सभा, संस्कार स्कूल सहित सभी स्कूलों में योग दिवस मनाया गया।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने किसानों को बांटे सोयाबीन मिनी किट

भोपाल । फंदा ब्लॉक की ग्राम पंचायत रायपुर के ग्राम दुपहरिया में उप संचालक कृषि जिला भोपाल के द्वारा खरीफ वर्ष 2023 में 4 ग्राम पंचायतों के 150 लघु सीमांत किसानों को भोपाल जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट के हाथों से सोयाबीन मिनी किट 2098 किस्म का बांटे गए। इस अवसर पर सरपंच निपानिया जाट हिम्मत सिंह जाट, सरपंच खामखेड़ा कृष्णा विक्रम सिंह यादव, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अनिल तिवारी केंद्र रायपुर, एनके मिश्रा, सचिव गुलाब मेहरा, किसान हरिप्रसाद, दीवान सिंह जाट, माचल सिंह, लखन सिंह, बालाराम, भगवती बाई, गोविंद पाल, राहुल पाल, पीतम साहू एवं ग्राम पंचायत निपानिया जाट, सागोनी, पारदी, सोनकच्छ, कनेरा, रायपुर आदि पंचायतों के किसान उपस्थित थे।

4 ग्राम पंचायतों में उचित मूल्य दुकान खोलने के लिए आवेदन 30 तक

भोपाल । जिले में शासकीय उचित मूल्य दुकान विहीन 4 ग्राम पंचायतों में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान खोलने के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 जून तक आमंत्रित किए गए हैं, पूर्व में यह तिथि 15 जून निर्धारित थी। ग्रामीण क्षेत्र के नवीन परिसीमन पश्चात भोपाल जिले में 4 ग्राम पंचायतें शासकीय उचित मूल्य दुकान विहीन है जिन के लिए अभी भी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ। खाद्य आपूर्ति नियंत्रक मीना मालाकार ने बताया कि अनुविभाग हुजूर विकासखंड में उचित मूल्य दुकान विहीन ग्राम पंचायत हुजूर में गुराडिया, पिपलिया रानी, झागरिया खुर्द एवं पाटनिया में नवीन शासकीय मूल्य उचित दुकान खोली जानी है। इन ग्राम पंचायतों में उचित मूल्य की दुकान के लिए एक भी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

सुक्ष्म महिला उद्यमियों के लिए बहुमंजिला फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स की मांग उठी

भोपाल। मध्य प्रदेश एसोसिएशन ऑफ वूमेन एंटरप्रेन्योर मावे की कई सालो की मांग है कि शहरी इलाके में सुक्ष्म एवम लघु महिला उद्यमियों के लिए एक बहुमंजिला फ्लेटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स सरकार द्वारा बनाया जाय जिसमे 1000 स्क्वायर फीट से 2000 स्क्वायर फीट तक की जगह महिलाओं को अपना छोटा व्यवसाय चलाने के लिए उपलब्ध हो। बहुत हर्ष का विषय है की मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मार्च 2022 में मावे के अंतरराष्ट्रीय आयोजन स्वीप का भोपाल में उदघाटन करते समय घोषणा की थी कि यह बहुमंजिली फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स महिला उद्यमियों के लिए सबसे पहले जबलपुर में बनाया जायेगा। पर अभी तक इस विषय में कोई ठोस जानकारी मध्य प्रदेश सरकार से नही प्राप्त हुई है।

मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से शारीरिक नुकसान होते है : बुन्देला

संत हिरदाराम नगर। लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ एज्यूकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ हायर सेकन्ड्री स्कूल एवं प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एस.पी.एस. बुन्देला जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आरंभ में संस्था के संचालक योगेश हिंगोरानी ने पुष्पगुच्छ देकर बुन्देला का स्वागत किया। कार्यक्रम में एस.पी.एस. बुन्देला, जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने छात्राओं को बताया कि मोबाईल का ज्यादा उपयोग नहीं करना चाहिए और मोबाईल के अत्यधिक उपयोग से होने वाले शारीरिक नुकसान एवं व्याधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंनें कहा कि आप छात्र जीवन से ही सदैव योग से जुड़े रहें क्योंकि योग हर बीमारी को दूर करता है। उन्होंनें छात्राओं को बताया कि लक्ष्य निर्धारित करके सपने जरूर देखने चाहिए, जब हम सपने देखेंगें तभी उन्हें पूरा करने का प्रयास करेंगे, और जब निश्चल भाव से उस सपने को पूरा करने के लिए प्रयत्न करनें तो सपने अवश्य पूरे होंगे।

भारतीय अर्थव्यवस्था पर जालसाजी और तस्करी के घातक प्रभाव के बारे में जागरूकता लाना जरूरी: कोठारी

भोपाल। मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम, भोपाल के प्रबंध निदेशक डॉ. नवनीत मोहन कोठारी ने आज कहा, अतीत में समाज में तस्करी को ग्लैमराइज किया जाता रहा है। इसमें कुछ लोग टैक्स चोरी करते है और अवैध गतिविधियों में तस्करी के पैसे का इस्तेमाल करते है। तस्करी से न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचता है, बल्कि अर्थव्यवस्था की स्थिरता पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। तस्करी से संबंधित खतरों और जोखिमों के बारे में जागरूकता लाना अति आवश्यक है। फिक्की कास्केड (अर्थव्यवस्था को नष्ट करने वाली तस्करी और जालसाजी जैसी गतिविधियों के खिलाफ समिति) की ओर से जालसाजी और तस्करी से निपटने के लिए निवारक रणनीतियां विषय पर आयोजित सेमिनार को संबोधित करते हुए डॉ. कोठारी ने कहा, जालसाजी एक बड़ी समस्या है, विशेषरूप से एफएमसीजी जैसे उपभोक्ता उत्पादों के मामले में जहां 25-30 प्रतिशत उत?पाद नकली हैं। जालसाजी और तस्करी से प्राप्त धन को अवैध और नापाक उद्देश्यों में प्रयोग किया जाता है। पैकेज्ड उत्पादों के प्रचलन ने जालसाजी को आसान बना दिया है। इससे जालसाज गुणवत्ता के मानकों से बच निकलते हैं। राष्ट्रीय हितों के लिए घातक गतिविधियों की फंडिंग के स्रोत के रूप में भी तस्करी काम करती है।

केंद्रीय जीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क के वरिष्ठ उपायुक्त श्री महेश कुमार यादव ने कहा, वैश्विक बाजार में तस्करी और जालसाजी से संबंधित अपराध कई गुना बढ़ गए हैं, जिससे सरकार, उद्योग, समाज और उपभोक्ताओं को करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है। तस्कर अवसरवादी होते हैं जो आर्थिक लाभ के लिए बाजार का फायदा उठाना चाहते हैं। शियास ए., डीआईजी (आई), सीआईडी, पीएचक्यू, भोपाल ने कहा, तस्करी की गतिविधियों के कारण अपराधी टैक्स, शुल्क और सीमा शुल्क से बच जाते हैं, जिससे सरकारों को राजस्व का काफी नुकसान होता है। तस्करी से आर्थिक नुकसान होता है।

अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर कम्युनिटी हॉल में सैंकड़ों ने एक साथ किया योग

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सिंधी कम्युनिटी कम्युनिटी हॉल में योग का कार्यक्रम आयोजित किया गया,इस अवसर पर प्रतिदिन योग करने वाले बहनों अंव विपीदा की घड़ी में संकटमोचक की भूमिका निभाने वाले एनडीआरएफ के जवानों का शाल ट्ठमेमोंटो से सम्मान किया ।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक शर्मा ने 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर योगाभ्?यास किया और कहा कि दुनिया भर में योग के प्रति लोगों का आकर्षण बढ़ रहा है. आज वो समय आ गया है जब दुनियाभर में हर जगह योग का अभ्?यास किया जाता है.

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम%वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग की भावना से आज योग दिवस मना रहे हैं. इस अवसर पर उत्तर विधानसभा संयोजक मनोज राठौर ,प्रभारी चेतन भार्गव,धर्मगुरु शानू,शैलेश साहू, राजेश कनोजिया, विकास सोनी, नरेंद्र ठाकुर, यतिन मकवाना, भगवानदास ढालियां उपस्थित थे।

संत निरंकारी मिशन ने कराया योगाभ्यास

भोपाल। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के आशीर्वाद से संत निरंकारी मिशन द्वारा 21 जून 2023 को सम्पूर्ण भारत के लगभग 400 से अधिक स्थानो पर संत निरंकारी चेरिटेबल फाउण्डेशन के तहत उत्साहपूर्वक योग दिवस कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर सतगुरु माता जी ने अपने संदेश में कहा कि हम सभी में आध्यात्मिक, जाग्रति, तभी संभव है जब हम शारीरिक एवं मानसिक रुप से स्वस्थ होंगे तभी हम सभी का सम्पूर्ण संर्वागीण विकास हो सकता है। अत: हमें समय समय पर स्वास्थ्य जागरुकता हेतु अनेकोअनेक कार्यक्रम का आयोजन करना चाहिए ताकि हम तन, मन, धन से स्वस्थ रह सके। इसी कडी में जोन 24 ए भोपाल की सभी ब्रांचो में जोनल इंचार्ज अशोक जुनेजा जी के मार्गदर्शन में योगाभ्यास कार्यकम आयोजित किया गया जिसमे मुख्य रुप से भोपाल, बैरागढ, बैतुल, बागसेवनिया, ब्यावरा, इटारसी, गांधीनगर के अलावा अन्य ब्रांचो में भी योगाभ्यास किया गया। यह योगाभ्यास सत्संग भवनों, खुले स्थानों एवं पार्कों में प्रात: 06 बजे से 07 बजे तक आयोजित किया गया।

ट्राइडेंट ग्रुप में 9वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया

भोपाल। 9वें वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, ट्राइडेंट ग्रुप ने आज अपने विभिन्न विनिर्माण और कार्यालय स्थानों पर विशेष योग सत्रों का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व अनुभवी योग प्रशिक्षकों ने किया और इसमें कंपनी के सैकड़ों कर्मचारियों ने बढ़चढ़ के भाग लिया। प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम (साँस लेने के व्यायाम) किए, इसके बाद ध्यान तकनीकों और दैनिक जीवन शैली में योग को शामिल करने के महत्व पर एक विशेष सत्र का भी आयोजन किया गया। इस पहल का आयोजन चेयरमैन्स गोल्डन हार्ट क्लब के तत्वावधान में किया गया था, जिसे हाल ही में लॉन्च किया गया है। इस क्लब का उद्देश्य ट्राइडेंट को प्रदर्शन करने के लिए एक शानदार जगह में बदलना है। पहले खुशी, फिर खुशहाली के सिद्धांत पर आधारित इस एक्सक्लूसिव क्लब में 500 से अधिक मेम्बर्स लगन से ऐसे अद्वितीय उद्योग मानकों को स्थापित करने के लिए जुटे हुए हैं जिनका अनुसरण अन्य कॉरपोरेट्स एक मिसाल के तौर पर करेंगे । आज आयोजित विशेष योग सत्र में प्रतिभागियों को शारीरिक लचीलापन बढ़ाने, तनाव से राहत देने, और शरीर की मुद्रा, आहार में अनुशासन और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करके आंतरिक शांति और सद्भाव विकसित करने पर केंद्रित किया गया। आज वृक्षासन, गौ-मुखासन, उत्तानपादासन जैसे कुछ आसनों का अभ्यास किया गया ।

सर्व ईसाई महासभा द्वारा हिंसा से जल रहे मणिपुर के मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई

भोपाल। सर्व ईसाई महासभा की बैठक आयोजित की गई जिसमें 12 जिलों के प्रतिनिधि व पदाधिकारीगण सम्मिलित हुए जिसमें सभी ने मणिपुर में जारी हिंसा पर दुख जताया साथ ही विशेष प्रार्थना की और जिन लोगों की मृत्यु हुई है उन सभी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही केंद्र सरकार से मांग की गई है कि वह जल्द ही मणिपुर राज्य में शांति बहाल करें। इस बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेरी पॉल, महिला प्रदेश अध्यक्ष रेजिना पॉल , राष्ट्रीय युवा महासचिव जोशुआ फिलीप, रेजिना हेनरी ,राष्ट्रीय महिला उपाध्यक्ष अलका कुमार, प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार पीटर,प्रदेश उपाध्यक्ष योएल कुमार, फ्रांसिस कटारा ,विनोद चैंबर्स, शान कुमार ,आशीष सोलोमन, डेंजेल आंग्रे, नवीन खेस, रिचर्ड मलकाइ, नवीन लाकरा,डेनिश टोप्पो, लुईस मॉरिस सहित कई सामाजिक जन सम्मिलित हुए।

योग साधना केंद्र में कराया योग अभ्यास

भोपाल। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग अभ्यास परोपकारिणी महिला मंडल भोपाल द्वारा संचालित योग साधना केंद्र की डॉ साधना गंगराड़े एवं कविता अग्रवाल ने संपन्न कराया। गौतम नगर की सर्जना सोसायटी के पार्क में गौतम नगर ,रचना नगर और कस्तूरबा नगर के रहवासियों ने बड़ी संख्या में योग किया। यह कार्यक्रम विश्वास सारंग चिकित्सा शिक्षा मंत्री के नेतृत्व में तथा राकेश यादव पार्षद वार्ड 58 के संयोजन से संपन्न हुआ।

बाबड़िया कलां में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया

भोपाल। इंडस गार्डन कॉलोनी फेज एक बाबड़िया कलां में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। योग गुरु महेश अग्रवाल ने योग अभ्यास करवाया एवं सभी उपस्थित साधकों ने नियमित योग करने का संकल्प लिया इस अवसर पर प्रमुख रुप से इस अवसर पर प्रमुख रूप से कालोनी अध्यक्ष रमन श्रीवास्तव, वरिष्ठ योग गुरु पुष्पा भदौरिया रमेश कुमार साहू, राजेंद्र खले , सविता गुप्ता, विमला साहू, मनीषा श्रीवास्तव, अर्चना श्रीवास्तव, किरण जौहरी,अरुण बापट, गौरी बापट, राजीव सेठ, अजित श्रीवास्तव, ओ पी श्रीवास्तव, सुनीता जैन, के पी तिवारी, उर्मिला सिंह, दीप्ती दूरवार, प्रीति सेठ, मंजू श्रीवास्तव, निशा सिंघई, ज्योति खरे, सुनीता तेजवानी, आरती नायक, मंजू श्रीवास्तव, नमिता कुमार, उषा सक्सेना, चन्द्रकांता शर्मा सहित कालोनी के सभी सम्मानीय सदस्य एवं बच्चें उपस्थित रहे।

प्रदेश के सभी मिलियन प्लस शहरों में वायु गुणवत्ता की स्थिति संतोषजनक

भोपाल। मध्यप्रदेश के सभी मिलियन प्लस शहरों में वायु गुणवत्ता की स्थिति संतोषजनक है। यह मूल्याकंन केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा किया गया है। प्रदेश में भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर मिलियन प्लस सिटी है। उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए देश भर के मिलियन प्लस शहरों का मूल्यांकन किया गया। मूल्याकंन का आधार पीएम 10 के स्तर में कमी और गुड डेज़ की संख्या में वृद्धि रखा गया था। इसी तारतम्य में नगरीय विकास एवं आवास विभाग के प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई द्वारा सभी मिलियन प्लस शहरों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

5 स्थानों से शुरू होगी वीरांगना रानी दुर्गावती गौरव यात्रा

प्रधानमंत्री मोदी 27 को वीरांगना रानी दुर्गावती को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री ।शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस 24 जून को है। वे भारत के शौर्य और स्वाभिमान का प्रतीक हैं। राज्य शासन ने वीरांगना के संघर्ष और बलिदान का स्मरण करने तथा उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित करने के लिए 22 से 27 जून तक 5 स्थान से वीरांगना दुर्गावती गौरव यात्रा निकालने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री ।नरेंद्र मोदी 27 जून को शहडोल में वीरांगना रानी दुर्गावती को श्रद्धा-सुमन अर्पित करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ।अमित शाह 22 जून को बालाघाट से वीरांगना दुर्गावती गौरव यात्रा का शुभारंभ करेंगे।

मुख्यमंत्री ।चौहान ने कहा कि रानी दुर्गावती ने अकबर की फौज का वीरतापूर्वक सामना किया और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना बलिदान दे दिया। वर्तमान पीढ़ी को उनके संघर्ष से अवगत कराने के लिए यह यात्राएँ निकालने का निर्णय लिया गया है। यात्राएँ बालाघाट, छिंदवाड़ा, सिंगरामपुर (जबेरा-दमोह), रानी दुर्गावती के जन्म स्थान कालिंजर फोर्ट और धोहनी सीधी से आरंभ होंगी। सभी 5 यात्रा का समापन 27 जून को शहडोल में होगा। साथ ही प्रधानमंत्री ।मोदी सिकल सेल एनीमिया से भारत को मुक्ति दिलाने के लिए राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम लाँच करेंगे और मध्यप्रदेश में एक करोड़ आयुष्मान कार्ड का उनके द्वारा प्रतीक स्वरूप वितरण किया जाएगा। प्रदेश के सभी वार्ड और गाँव कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़ेंगे। मुख्यमंत्री ।चौहान वीरांगना दुर्गावती गौरव यात्रा की तैयारियों की समीक्षा के लिए समत्व भवन में हुई बैठक को संबोधित कर रहे थे। वन मंत्री ।विजय शाह उपस्थित थे।

गौरव यात्राओं की राज्य स्तर से होगी मॉनीटरिंग: मुख्यमंत्री ।चौहान ने कहा कि पाँचों यात्राओं के मार्गों में पड़ने वालों स्थान पर सभाएँ होंगी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा नगरीय निकाय, जन-जन को जोड़ने तथा कार्यक्रमों की व्यवस्था करेंगे। सभी यात्राएँ रथ के साथ आरंभ होंगी। यात्रा मार्ग में होने वाली सभाओं में रानी दुर्गावती के चित्र पर माल्यार्पण तथा पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। रानी दुर्गावती के संघर्ष और शौर्य की जानकारी जन-जन को देना इन यात्राओं का उद्देश्य है। सभा स्थल पर वीरांगना के संबंध में चर्चा, सांस्कृतिक कार्यक्रम,

लोक-गीत, देशभक्ति गीत आदि होंगे। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे। बेहतर व्यवस्था के लिए जिला कलेक्टर, स्थानीय जन-प्रतिनिधियों और अधिकारियों को यात्रा और कार्यक्रम प्रमुख बना कर उन्हें जिम्मेदारी सौंपे। जनजातीय कार्य विभाग गौरव यात्रा का नोडल विभाग होगा, साथ ही जनअभियान परिषद, संस्कृति विभाग और युवा आयोग को भी दायित्व सौंपे गये हैं। गौरव यात्राओं की राज्य स्तर से भी मॉनीटरिंग की जाएगी। मुख्यमंत्री चौहान ने बताया कि केन्द्रीय गृह मंत्री ।अमित शाह 22 जून को बालाघाट से आरंभ होने वाली यात्रा का शुभारंभ करेंगे। इस यात्रा के प्रभारी केन्द्रीय मंत्री ।फग्गन सिंह कुलस्ते होंगे। यात्रा 22 जून को बैहर में रात्रि विश्राम करेगी, 23 जून को बिछिया होते हुए डिंडोरी में रात्रि विश्राम करेगी, अगला रात्रि विश्राम 24 जून को पुष्पराजगढ़ में होगा, 25 जून को यात्रा अनूपपुर होते हुए जैतपुर पहुँचेगी, जहाँ रात्रि विश्राम होगा। यात्रा का अंतिम पड़ाव 26 जून को शहडोल में होगा।

दूसरे मार्ग पर छिंदवाड़ा से यात्रा आरंभ होगी। इसके प्रभारी सांसद ।दुर्गादास उइके होंगे। छिंदवाड़ा से 22 जून को आरंभ होने वाली यात्रा चौरई पहुँचेगी, सिवनी में रात्रि विश्राम कर 23 जून को केवलारी लखनादौन होते हुए यात्रा मंडला में रात्रि विश्राम करेगी। यात्रा 24 जून को निवास के लिए रवाना होगी तथा शहपुरा में रात्रि विश्राम होगा। यात्रा 25 जून को उमरिया पहुँचेगी और पाली-मानपुर में रात्रि विश्राम करेगी। यात्रा का अंतिम पड़ाव 26 जून को शहडोल में होगा।

तीसरी यात्रा सिंगरामपुर (जबेरा/दमोह) से आरंभ होगी। जिसके प्रभारी वन मंत्री ।विजय शाह होंगे। जबेरा से 22 जून को आरंभ होने वाली यात्रा रात्रि विश्राम मझौली पाटन में करेगी। यात्रा 23 जून को सिहोरा शहर, जबलपुर शहर होते हुए बरगी समाधि स्थल पहुँचेगी, जहाँ रात्रि विश्राम होगा। यात्रा 24 जून को कुंडम होते हुए शहपुरा पहुँचेगी, वहाँ रात्रि विश्राम होगा। यहाँ से यात्रा बिरसिंगपुर पाली के लिए रवाना होगी और 25 जून को वहाँ रात्रि विश्राम होगा। यात्रा का अंतिम पड़ाव 26 जून को शहडोल में होगा। रानी दुर्गावती के जन्म स्थान उत्तरप्रदेश के कलिंजर फोर्ट से शहडोल के लिए आरंभ होने वाली यात्रा की प्रभारी पूर्व सांसद श्रीमती सम्पतिया उइके और यात्रा उप प्रभारी राज्य सभा सांसद ।सुमेर सिंह सोलंकी होंगे। यह यात्रा कलिंजर से 23 जून को दोपहर 12 बजे आरंभ होगी, अजयगढ़ में 23 जून के रात्रि विश्राम के बाद 24 जून को पवई पहुँचेगी तथा 24 जून का रात्रि विश्राम बड़वारा में होगा। यात्रा 25 जून को विजयराघवगढ़ पहुँचेगी और अमरपुर में रात्रि विश्राम करेगी। यात्रा 26 जून को मानपुर पहुँचेगी तथा रात्रि विश्राम शहडोल में होगा।

जनजातीय विद्यार्थियों ने वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग थीम पर किया योगाभ्यास

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

आज़ादी के अमृत महोत्सव' में विश्व योग दिवस पर 21 जून बुधवार को जनजातीय कार्य विभाग द्वारा 'वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग' थीम पर के अंतर्गत प्रदेश स्तरीय आयोजन किया गया। जनजातीय बाहुल्य जिलों के सभी शासकीय कार्यालय, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर, आदर्श आवासीय विद्यालय, सी.एम. राइज विद्यालय, शिक्षण संस्थान, छात्रावास, आश्रम एवं मैपसेट केन्द्रों पर योग किया गया।

बावड़िया कलां भोपाल स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (गुरुकुलम्) के बच्चों एवं शिक्षकों ने योग किया। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा निश्चित सामान्य योग अभ्यास (प्रोटोकॉल) की पुस्तिका अनुसार योग की जानकारी दी गई। इसमें योग विभिन्न क्रियाओं सदिलज, चालन क्रिया, ग्रीवा चालन, स्कंध संचालन, कटि संचालन, घुटना संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पदहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणोसन, भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, शशकासन, उत्तानमंडूकासन, वक्रासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, अर्ध हलासन, पवनमुक्तासन, शिथिलीकरण के अभ्यास सहित योग के 20 आसनों का अभ्यास करवाया गया। साथ ही सात्विक विचार, प्रार्थना और संयमित आहार की जानकारी दी गई। इसके बाद योगाचार्य गोविन्द पाटीदार ने कपालभाति, प्राणायाम, ध्यान, संकल्प और शांति पाठ करवाया।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. यशपाल सिंह ने कहा कि योग को हमें अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना होगा। शिक्षक और विद्यालय स्टाफ योग, स्वास्थ्य, खान-पान, दिनचर्या एवं जीवन आनंद को लेकर आदर्श का पालन करेंगे तो विद्यार्थियों में स्वयं ही यह अच्छी आदत विकसित होगी। विद्यार्थियों और स्टाफ को योग, स्वास्थ्य, खान-पान, दिनचर्या एवं जीवन आनंद को लेकर संकल्प भी दिलाया गया।

फिल्मकारों के लिए फिल्मांकन आसान बनाने में मध्यप्रदेश अग्रणी राज्य: शुक्ला

फिल्म विशेषज्ञों के साथ मध्यप्रदेश में फिल्मांकन अनुकूल वातावरण तैयार करने पर हुआ मंथन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

प्रदेश में फिल्म मेकिंग को फिल्मकारों के लिए आसान बनाने में मध्यप्रदेश एक अग्रणी राज्य है। फिल्म शूटिंग परमिशन को लोक सेवा गारंटी एक्ट के अंतर्गत मात्र 15 दिन में प्रदाय करने के साथ इमरजेंसी में ऑफलाइन परमिशन भी जारी किए जाने की सुविधा है। फॉरेन प्रोडक्शन हाउस भी इतनी ही आसानी के साथ सीधे मध्यप्रदेश आकर फिल्म की शूटिंग कर सकता है। यह बात प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने होटल ताज में फिल्म विशेषज्ञों से कही। प्रदेश में शूटिंग, अधोसंरचना विकास में निवेश एवं स्थानीय कलाकारों की भागीदारी के अवसरों को तलाशने के लिए प्रसिद्ध प्रोडक्शन हाउस के प्रतिनिधि, प्रोड्यूसर, डायरेक्ट और एक्टर्स का दल भोपाल आया हुआ है।

प्रमुख सचिव शुक्ला ने बताया कि मध्यप्रदेश में फिल्म मेंकिंग को सुगम और सफल बनाने के लिए फिल्म फैसिलिटेशन सेल अनेक प्रयास करती है। यह सभी फिल्मकारों को प्रदेश के लोकल लाइन प्रोड्यूसर्स और एक्टर्स से जोड़ती है। बड़ी अवधि में फिल्म निर्माण करने के लिए प्रोडक्शन हाउस से एमओयू भी किए जा सकते है जिससे एक से अधिक फिल्मों के लिए फिल्मांकन की सुविधा और सब्सिडी आसानी से दी जा सके। अंतर्राष्ट्रीय प्रोजेक्ट के लिए तो 1.3 मिलियन अमेरिकन डॉलर तक की सब्सिडी भी दिए जाने का प्रावधान है। साथ ही फिल्म इंफ्रास्ट्रक्चर को स्थापित करने के लिए भी सब्सिडी दी जाती है। मध्यप्रदेश को अब पोस्ट प्रोडक्शन फैसिलिटी के गढ़ के रूप में स्थापित करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

भोपाल सहकारी दुग्ध संघ भोपाल के सांची ब्रांड को मध्य प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ ब्रांड का अवार्ड

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

भोपाल सहकारी दुग्ध संघ भोपाल के सांची ब्रांड को मध्य प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ ब्रांड का अवार्ड मिला है। गत 15 जून को सांची दुग्ध संघ भोपाल को मैरियट होटल इंदौर में सर्वश्रेष्ठ ब्रांड का अवार्ड प्रदान किया गया। भोपाल सहकारी दुग्ध संघ भोपाल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर. पी. एस. तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि गुलशन बामरा प्रमुख सचिव म.प्र. शासन पशुपालन एवं डेयरी विभाग एवं प्राधिकृत अधिकारी एम.पी.सी.डी.एफ, माल सिहं ,आयुक्त, भोपाल संभाग एवं प्रशासक भोपाल सहकारी दुग्ध संघ भोपाल तथा तरूण राठी प्रबंध संचालक, एम.पी.सी.डी. एफ के कुशल मार्गदर्शन से यह ऐतिहासिक अवार्ड भोपाल दुग्ध संघ को प्राप्त हुआ है। तिवारी ने बताया कि भोपाल दुग्ध संघ को एफ एस एस ए आई द्वारा भी ए प्लस श्रेणी दी गई है तथा रक्षा विभाग के आडिट में भी सफलता प्राप्त हुई है। सांची ब्रांड को उपरोक्त सफलताऐं भोपाल दुग्ध संघ के अधिकारियों व कर्मचारियों की लगन एवं मेहनत का परिणाम है। इसके लिए तिवारी ने दुग्ध संघ के सभी कर्मचारियों को बधाई दी है ।

बुधनी क्षेत्र में प्रज्जवल योजना से रोशन होंगे गांव और शहर

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

राज्य शासन के संकल्प समूचे मध्य प्रदेश में आर.डी.एस.एस एवं एस.एस.टी.डी. योजना से पारेषण एवं वितरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण के कार्य कराए जा रहे हैं।

इसी अनुक्रम में सीहोर जिले में बुधनी क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं को पर्याप्त वोल्टेज पर निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति मिले इसके लिए मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रज्जवल योजना में 16 करोड़ से अधिक के विद्युत प्रणाली उन्नयनीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के विभिन्न विकास कार्य कराये जा रहे हैं। इन विकास कार्यों से बुधनी क्षेत्र में विद्युत वितरण की व्यवस्था मजबूत होगी। इससे एक ओर उपभोक्ताओं को बेहतर आपूर्ति मिलेगी वहीं ब्रेकडाउन कम होंगे और प्रणाली की क्षमता वृद्धि से उपभोक्ताओं को सीधे फायदा मिलेगा।

गौरतलब है कि प्रज्जवल योजना में पारेषण और वितरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण के कार्यों में साढ़े 12 करोड़ की लागत से सरदार नगर, परसवाड़ा, खेरी, खोहा, डिमावर, छीपानेर एवं गोपालपुर सहित कुल 7 स्थानों पर 5 एम.व्ही.ए. क्षमता के 33/11 के.व्ही. नवीन उपकेन्द्र की स्थापना की गई है। इससे 41 ग्रामों के करीब 8 हजार 600 से अधिक उपभोक्ता लाभान्वित हुए हैं। इसी प्रकार सगोनिया, रेहटी, राला, गिल्हौर में 2 करोड़ 72 लाख की लागत से 3.15 एम.व्ही.ए. क्षमता के अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर की स्थापना से इन उपकेन्द्रों से संयोजित कुल 29 ग्रामों के 7 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को ट्रिपिंग की समस्या से निजात मिलेगी।

एम्स ने भोजेश्वर मंदिर, भोजपुर, रायसेन में 9वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भोपाल ने बड़े उत्साह और भागीदारी के साथ 9वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सफलतापूर्वक मनाया। आयोजन रायसेन के भोजपुर स्थित ऐतिहासिक धरोहर स्थल भोजेश्वर मंदिर में सुबह 6 बजे हुआ। इस कार्यक्रम में सम्मानित अतिथियों, प्रतिष्ठित डॉक्टरों और बड़ी संख्या में प्रतिभागियों की उपस्थिति देखी गई इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अशोक वार्ष्णेय, राष्ट्रीय संगठन सचिव, आरोग्य भारती, भोपाल और डॉ. राजेश सेठी, वेद अस्पताल, भोपाल के हृदय रोग विशेषज्ञ थे। उनकी उपस्थिति ने स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने में योग के महत्व को प्रदर्शित करते हुए इस आयोजन को अत्यधिक महत्व दिया। कार्यक्रम में प्रमोद गुर्जर, एसडीएम, संजय अग्रवाल, जनपथ सीईओ, विजय शर्मा, एएसआई सीए ने भी भाग लिया। इस अवसर पर एम्स भोपाल के अध्यक्ष डॉ. सुनील मलिक और एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. डॉ. अजय सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उनके समर्थन और प्रोत्साहन ने समग्र कल्याण को बनाए रखने में योग के महत्व पर प्रकाश डाला। कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करने के लिए छात्रों, फैकल्टी और कर्मचारियों सहित लगभग 250 प्रतिभागी भोजेश्वर मंदिर में एकत्रित हुए। प्रतिभागियों का मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण डॉ. मुद्दा सोफिया, योग चिकित्सा अधिकारी और डॉ. श्वेता मिश्र, योग प्रशिक्षक द्वारा किया गया, जिन्होंने यह सुनिश्चित किया कि योग सत्र सुचारू रूप से आयोजित हो।

पुष्य नक्षत्र पर एम्स के आयुष विभाग में स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम आयोजित किया

भोपाल। एम्स भोपाल के आयुष विभाग ने शुभ पुष्य नक्षत्र के अवसर पर स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस समारोह का उद्देश्य एक पारंपरिक आयुर्वेदिक स्वर्ण भस्म के प्राशन के माध्यम से बच्चों के समग्र स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ाना था। इस कार्यक्रम में लगभग 80 बच्चों की भागीदारी रही, जो एम्स भोपाल के आयुष विभाग में एकत्रित हुए। चिकित्सा अधिकारी डॉ. रंजना पांडे द्वारा आयोजित स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम समग्र स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रयास के रूप में चिह्नित किया गया। स्वर्ण प्राशन एक प्राचीन आयुर्वेदिक अभ्यास है जिसमें बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और समग्र वृद्धि और विकास को बढ़ावा देने के लिए उन्हें स्वर्ण भस्म देना शामिल है। स्वर्ण भस्म को आयुर्वेद में इसके चिकित्सीय गुणों के लिए जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि यह स्मृति, संज्ञानात्मक क्षमताओं और प्रतिरक्षा को बढ़ाता है, जिससे बच्चों के समग्र स्वास्थ्य में योगदान मिलता है। एम्स भोपाल का आयुष विभाग लगातार आयुर्वेद को बढ़ावा देने और रोगियों के लाभ के लिए आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के साथ एकीकृत करने का प्रयास करता है।

योग अनुसंधान परिषद में हर्षोल्लास से मना विश्व योग दिवस

भोपाल। योग अनुसंधान परिषद के नारायण प्रसाद गुप्ता नानाजी' एक्यूप्रेशर पार्क में आज 9वां विश्व योग दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर परिषद में नियमित योग करने वाले योग प्रेमियों सहित संस्था के सदस्य व स्थानीय गणमान्य नागरिक शामिल हुए। योगाचार्य के.एम. त्रिपाठी ने मौजूद योग प्रेमियों को भ्रा का प्राणायाम, कपालभाति, भ्रामरी प्राणायाम, ओम प्राणायाम आसन कराये। योगाचार्य मनोज छाबड़ा ने ताड़ासन, तृयक ताड़ासन, कटि चक्रासन, त्रिकोणासन, एकपाथ प्रणामासन, तथा योगाचार्य सीमा धीमान ने चक्की चलनासन, गोमुखासन, उष्ट्रासन, शशांकासन, सिहं गर्जनासन तत्पश्चात योगाचार्य जानकी भदौरिया ने पादांगुलि नमन, गुल्फ चक्र नमन, गुल्फचक्र, गुल्फ घूर्णन, जानु नमन, जानुचक्र, पूर्ण तिरली आसन, ग्रीवा संचालन, कोहनी नमन, स्कन्धचक्र, बंध हस्त उत्तानासन कराये। अंत में योगाचार्य सुश्री निधि शर्मा ने शरीर ध्यान एवं चक्र ध्यान आसन कराये। विश्व योग दिवस के अवसर पर भारत की प्रतिष्ठित लाल पैथोलॉजी लैब ने योग अनुसंधान परिषद में निःशुल्क रक्त परीक्षण शिविर भी लगाया। लैब के संचालक आज़म शरीफ ने बताया कि 100 से अधिक लोगों ने केल्शियम, हीमोग्लोबीन, ब्लड शुगर, यूरिक एसिड, थायरॉयड की जांच कराई।

कार्यक्रम में महिला जिला कांग्रेस कमेटी की जिला अध्यक्ष संतोष कंसाना, परिषद के अध्यक्ष सिकंदर अहमद, उपाध्यक्ष निशांत शर्मा, वरिष्ठ योगाचार्य श्रीमती पुष्पा भदौरिया, शर्मिला जैन, कार्यकारिणी सदस्य प्रशांत सागर दीक्षित, परिषद के सदस्य अशोक स्वर्णकार, डॉ. राखी धुर्वे, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, पंडित वैभव भटेले, लीलेश सातनकर, दिलीप मालवीय, नीरज पांडे, प्रेम प्रकाश खरे, आत्माराम सोनी, अपूर्व खरे, रणजीत सोलंकी, एजाज़ खान, अनुपम राय, श्रीमती रिचा राय, श्रीमती सविता, श्रीमती धन्या, श्रीमती शीतल, श्रीमती माया, प्रमोद धीमान, राजीव अग्रवाल, उमेश, अनिता, वंदना, रिशु, मंजू, चांदनी, शुभम, योगिता, वर्षा, चंचल, रामेश्वर, नीलम, दिव्या, अनवर खान, समीन, अजय यादव, संध्या चौहान, मधु छापरे, सीमा भदौरिया, आभा परांजे, तरुणा, सोनाली, अरविंद, मुकेश, महेन्द्र आदि मौजूद रहे।

स म्पा द की य

महंगा पड़ता हैल्थ इंश्योरेंस...

सरकारी आंकड़े भले ही बता रहे हैं कि महंगाई कम हो गई है, लेकिन बाजार में कहीं भी ऐसा नहीं लगता। और स्वास्थ्य बीमा यानि हैल्थ इंश्योरेंस में तो लगातार न केवल महंगाई बढ़ रही है, अपितु गड़बड़ घोटालों की खबरें भी लगातार बढ़ती जा रही हैं। इस साल हैल्थ इंश्योरेंस में करीब 15 प्रतिशत या उससे भी अधिक महंगाई देखी गई है। उस पर तुर्रा ये कि सरकारें 18 प्रतिशत के हिसाब से हैल्थ इंश्योरेंस पर जीएसटी वसूल रही हैं।

गरीबों के लिए तो केंद्र सरकार ने आयुष्मान योजना का लाभ दे रखा है। माना जाता है कि अमीर किसी भी बीमारी का खर्च आसानी से उठा सकते हैं। लेकिन इन दोनों पाटों के बीच में पिस जाता है मिडल क्लास यानि मध्यम वर्ग। कायदे से इस वर्ग को शिक्षा और अस्पताल का बड़ा खर्च बीपीएल कैटिगरी में या उससे भी नीचे ले जा सता है। सामान्य भाषा में आजकल इसे 'आउट ऑफ पॉकेट' मेडिकल खर्च कहते हैं। पिछले साल मार्च में आई विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट कहती है कि इस तरह के मेडिकल खर्च के कारण भारत में हर साल 5 करोड़ से ज्यादा लोग गरीब हो जाते हैं। लेकिन दुखद पहलू यह है कि इन्हें बीपीएल की सूची में शामिल नहीं किया जाता।

देखा जाए तो इसी गरीबी से बचने के लिए लोग हैल्थ इंश्योरेंस की शरण में जाते हैं। खास बात ये है कि जब आप युवा होते हैं और इसे बेचने वाली कंपनियां आपके पास आती हैं तो आप इन्हें तवज्जो नहीं देते। लेकिन जब उम्र ढलने पर आपको इनकी जरूरत महसूस होती है तो ये कंपनियां आपको भाव नहीं देतीं। हैल्थ पॉलिसी खरीदना भी आसान नहीं। कंपनियां एजेंटों के जरिये हेल्थ बीमा बेचने को बढ़ावा देती हैं, जिससे आपका बीमा और महंगा हो जाता है। हैल्थ इंश्योरेंस सीधे ऑनलाइन खरीद सकें, इसकी सुविधा कम है और जटिल भी।

जब भी आप नई हैल्थ पॉलिसी लेते हैं, एक खास वक्त तक कुछ बीमारियों के इलाज का कवर नहीं मिलता। कुछ कंपनियां इस तरह की स्कीम बेचती हैं, जिसमें अस्पताल का रूम रेंट पूरा नहीं मिलेगा। जब-जब भर्ती होंगे तो आपको भी कुछ पैसा देना होगा। कई कंपनियों का नियम होता है कि आप जब तक अस्पताल में भर्ती नहीं हो जाते, आपको बीमे की राशि नहीं मिलेगी।

आप खुद जो पॉलिसी खरीदते हैं, उसमें भी कई दिक्कतें हैं। अगर आप कर्मचारी हैं तो एम्प्लॉयर की ओर से मिलने वाली पॉलिसी में आसानी है। बड़ी संख्या में लोग एम्प्लॉयर की ओर से दी गई हेल्थ पॉलिसी के भरोसे जीते हैं। मुश्किल ये है कि नौकरी जिस दिन गई, उसी दिन वो हेल्थ बीमा भी खत्म हो जाता है। तरह-तरह की स्कीमों के मकड़जाल में ये चुनना मुश्किल है कि कौन सी स्कीम अच्छी है। सरकार के दबाव में बीमा कंपनियां एक स्टैंडर्ड पॉलिसी बेच रही हैं, आरोग्य संजीवनी। हर कंपनी को ये स्कीम बेचनी है और एक जैसे फीचर के साथ। लेकिन कंपनियां इसे बेचने में दिलचस्पी नहीं लेतीं। वे खुद इसकी कमियां गिनाने लगती हैं ताकि आप उनकी महंगी पॉलिसी खरीदें। किसी बीमा कंपनी से संतुष्ट न होने पर किसी भी पॉलिसी को आप एक कंपनी से दूसरी कंपनी में पोर्ट कर सकते हैं। ठीक उसी तरह जैसे मोबाइल सर्विस के मामले में सिम पोर्ट करते हैं। इसका फायदा यह है कि अगर आप पुरानी पॉलिसी पोर्ट करते हैं तो आपने जो लाभ हासिल किया है, वह बर्बाद नहीं होगा। लेकिन कंपनियां पोर्टिंग की सुविधा भी आसानी से नहीं देती हैं। बीमा रेगुलेटर इरडा इसके लिए बीमा सुगम नाम का पोर्टल शुरू करने की बात तो हर रहा है, लेकिन इसकी शुरुआत भी टल रही है।

वैसे तो सभी इंश्योरेंस योजनाएं गड़बड़ दिखती हैं, लेकिन हैल्थ इंश्योरेंस में तो जैसे आपको सीधे-सीधे ठगा जाता है। मजबूरी होती है, इंश्योरेंस कराना पड़ता है। पर जब कोई बीमार पड़ता है, तब पता चलता है कि बीमा कंपनी कितनी सरल और सहज होती है। अस्पताल में मरीज भर्ती होता है और कंपनी में फोन नहीं उठाया जाता। मेल या अन्य संदेश पर कई घंटे रिस्पांस नहीं मिलता। अधिकांश अस्पताल वाले तो जब तक बीमा कंपनी का मैसेज नहीं आ जाता, तब तक जांच तक शुरू नहीं करते, इलाज की बात तो दूर है। ऐसे में मर्ज बढ़ता जाता है और कई बार जानलेवा भी हो जाता है। और, इलाज के बाद कई मौके ऐसे आते हैं, जब कंपनी से कोई मैसेज नहीं आता और मरीज को बेमतलब एकाध दिन और अस्पताल में ही रहना पड़ जाता है। उसका खर्च भी जुड़ जाता है। कम आय वालों के लिए बिना भर्ती वाली शर्त महंगी पड़ जाती है। उन्हें बीमा कराने के बावजूद इलाज पर हजारों रुपए जेब से भरने पड़ जाते हैं। कंपनियों की तरफ से तो लापरवाही की हदें पार की जा रही हैं। कई बार मरीज को अपनी जेब से अस्पताल का भुगतान करना पड़ जाता है और बीमा कंपनी उसे फिर जमकर लटकाती है। एक से दो साल तक भुगतान मिलता है, उसमें भी बहुत सारी राशि काट ली जाती है। जबकि इंश्योरेंस करते समय न जाने कितनी लुभावनी बातें कही जाती हैं। देखा जाए तो हैल्थ इंश्योरेंस जहां मजबूरी बनता जा रहा है, वहीं ठगी का माध्यम भी बनता जा रहा है। लोगों को लूटा जा रहा है। और सरकारों की शह पर!

सुनी सुनाईः दो पूर्व मुख्यसचिव चाहते हैं कांग्रेस सरकार

रवीन्द्र जैन

मप्र के दो पूर्व मुख्यसचिव प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के सपने देख रहे हैं। यह रिटायर अफसर फिलहाल अपने अपने गृहराज्य में बस गये हैं। दोनों की महत्वाकांक्षा अभी खत्म नहीं हुई हैं। एक को उम्मीद है कि कमलनाथ मुख्यमंत्री बने तो वे मुख्यसचिव व पुलिस महानिदेशक से ज्यादा ताकतवर होकर मप्र लौटेंगे।

वे अपने लोगों को खबर भेज रहे हैं कि कमलनाथ उनके लिए सबसे ताकतवर प्रशासनिक पद का गठन करेंगे। दूसरे रिटायर अफसर को उम्मीद है कि कमलनाथ के सीएम बनते ही वे मुख्य प्रशासनिक सलाहकार के रूप में आमद देंगे कांग्रेस के सूत्रों का कहना है कि कमलनाथ ने अभी तक किसी रिटायर अफसर को ऐसा कोई वायदा नहीं किया है।

शेर की दहाड़ से अफसरों की नींद उड़ी

सबसे पहले स्पष्ट कर दूं कि शेर बहादूर सिंह परिहार मप्र जल संसाधन विभाग के चीफ इंजीनियर रहे हैं। जल संसाधन के एक अहंकारी अफसर के कारण परिहार ईएनसी नहीं बन पाए। अहंकारी अफसर ने उन्हें प्रताड़ित करने के कई जतन किये थे। शेर बहादूर परिहार अब रीवा में अपने ही विभाग की पोल खोल अभियान में लगे हैं। सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ परिहार रीवा की जल संसाधन में करोड़ों के भ्रष्टाचार को प्रमाणों के साथ उजागर कर रहे हैं।

सामाजिक कार्यकर्ताओं, मीडिया और गांव वालों के साथ मौके पर पहुंचकर वे बताते हैं कि टेंडर की शर्तों के अनुसार क्या काम होना चाहिए था और मौके पर वास्तव में कितना घटिया काम हुआ है। अकेले रीवा संभाग में हजार करोड़ से अधिक का भ्रष्टाचार उजागर हो चुका है। परिहार की सक्रियता का परिणाम है कि राज्य सरकार अब तक दो बड़े ठेकेदारों को ब्लेक लिस्टेड कर चुकी है। परिहार की मुहिम पर वास्तव में कार्रवाई हुई तो कई ठेकेदार और रिटायर अफसर जेल जा सकते हैं।

बिका हुआ माल वापस नहीं होगा



मप्र में ग्वालियर और राघोगढ राजघरानों की अदावत (दुश्मनी) किसी से छुपी नहीं है। लेकिन यह अदावत वह नई पीढ़ी में भी दिखाई दे रही है। राघोगढ़ के पूर्व राजा व मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के बेटे और मप्र के पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने ग्वालियर के पूर्व महाराजा, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर अभी का सबसे बड़ा हमला बोला है।

बिना नाम लिए सिंधिया पर निशाना साधते हुए फेसबुक पर लिखा है ङ्क बिका हुआ माल वापस नहीं होगा और न ही झेला जाएगा। दरअसल पिछले दिनों गुना में अटकलें शुरु हुई थीं कि ज्योतिरादित्य सिंधिया कांग्रेस में वापस लौट सकते हैं। मीडिया भी संबंध में सवाल करने लगा। ऐसे में जयवर्धन सिंह ने फेसबुक पर लिख दिया कि बिका हुआ माल वापस नहीं होगा। खास बात यह है कि जयवर्धन के इस मैसेज पर 700 से अधिक लोगों ने कमेंट किये हैं। इनमें अनेक लोगों ने ज्योतिरादित्य सिंधिया के खिलाफ जमकर जहर उगला है।

सबसे बड़ा चुनावी लालीपॉप

तेलंगाना की सत्तारूढ पार्टी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने अभी अभी मप्र में पांव पसारना शुरू किये हैं। व्यापमं के व्हीसलब्लोअर डॉ. आनन्द राय सहित कुछ अन्य लोगों ने इस पार्टी को ज्वाइन किया है। इस पार्टी ने चुनावी लालीपॉप दिखाने के मामले में सभी दलों को बहुत पीछे छोड़ दिया है। मप्र अभी में बीआरएस का ढंग से संगठन भी बना नहीं है और नवोदित नेताओं ने दस घोषणाएं भी कर दी हैं। महिलाओं को 5000 रुपये महिने देने, सिलेंडर 100 रूपये, पुरानी पेंशन बहाली, किसानों का कर्जा माफ, गरीबों को आटा व बेरोजगारों को डाटा फ्री, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को 25000 रुपये मानदेय, किसानों को बिजली फ्री, 200 यूनिट बिजली फ्री, किसानों को 10 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर अनुदान और अतिथि विद्वानों को नियमित करने की घोषणा कर दी है। वाह भाई, मजाक अच्छा है।

छेड़छाड़ के आरोपी बने गर्ल्स कॉलेज के प्राचार्य



महिला सुरक्षा को लेकर सरकारों के दोगलेपन का यह बड़ा उदाहरण है। राजधानी भोपाल में महिला प्रोफेसर से छेड़छाड़ के आरोपी प्रोफेसर को गर्ल्स कॉलेज का प्राचार्य बना दिया है। खास बात यह है कि राज्य सरकार ने इनके चाल चलन को देखते हुए इन्हें किसी भी गर्ल्स कॉलेज में नियुक्त न करने के निर्देश दिए थे।

चर्चा है कि इनकी सर्विस बुक से यह आदेश ही गायब कर दिया गया है। इन प्राचार्य महोदय पर घपले घोटालों के भी गंभीर आरोप हैं लेकिन मंत्री मेहरबान तो प्राचार्य पहलवान की तर्ज पर यह राजधानी के एक बड़े गर्ल्स कॉलेज में जमे हुए हैं। इनकी एक योग्यता यह है कि यह मप्र के पूर्व गृहमंत्री के बेटे हैं।

भाजपा कांग्रेस आप के निशाने पर

मप्र में अगले पांच माह बाद होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी ने पूरे प्रदेश में टीम

उतार दी है। पार्टी को राष्ट्रीय दल का दर्जा मिलने के बाद अब मप्र में इसे गंभीरता से लिया जा रहा है। प्रदेश के सभी जिलों में दिल्ली और पंजाब से पर्यवेक्षक पहुंच गये हैं। यह दिन भर कांग्रेस और भाजपा के उन नेताओं से संपर्क कर रहे हैं जिनका जनाधार है और अपनी अपनी पार्टी से टिकट के दावेदार हैं।

यह भरोसा दिला रहे हैं कि इस चुनाव में आम आदमी पार्टी मप्र में तीसरा विकल्प बनेगी। मजेदार बात यह है कि कांग्रेस और भाजपा के नेता भी आप को विकल्प के रूप में पसंद कर रहे हैं। चर्चा है कि आम आदमी पार्टी ने टिकट के लिए दो प्राथमिकताएं तय की हैं। पहला जनाधार, दूसरा धनाधार।

और अंत में!

इन रिटायर आईएएस को घर और गांव वाले राजा भैया के नाम से जानते हैं। इनका असली नाम भी यही है। लेकिन मप्र के ब्यूरोक्रेसी में इनकी पहचान आरबी प्रजापति के रूप में है। चार वर्ष पहले शहडोल के संभागायुक्त के पद से रिटायर होने के बाद शिवपुरी जिले के करैरा में विधानसभा का उपचुनाव लड़ने पहुंच गये, लेकिन बुरी तरह हारने के बाद इन्होंने छतरपुर जिले के अपने छोटे से गांव में रहने का निर्णय लिया। समाजसेवा को अपना उद्देश्य भी बनाया। गांव के बच्चों को अच्छी अंग्रेजी सिखाने और उनका जीवनस्तर सुधारने में लग गये हैं। गांव में पूरी तरह फ्री कोचिंग सेंटर शुरु कर दिया है। जिसमें खुद बच्चों को पढ़ा और सिखा रहे हैं। रिटायर आईएएस के इस कार्य की प्रशंसा भी हो रही है।

वैचारिक कंगाल पार्टी की पुरानी चाल-पुराना हाल

सरयूसुत मिश्र

कर्नाटक में जीत के बाद ऐसा लग रहा था कि कांग्रेस नए भारत की वास्तविकताओं को समझेगी और अपनी चाल ढाल और विचारों को चुनावी नजरिए से आगे बढ़ाकर भारतीय संस्कृति और परंपरा के पथ पर आगे बढ़ेगी. कांग्रेस के नेता कर्नाटक जीत से इतने फूल गए हैं कि यह सफलता पार्टी के जैसे सिर पर चढ़ गई है. गीता प्रेस को अंतरराष्ट्रीय गांधी सम्मान दिए जाने का विरोध कर कांग्रेस ने अपने राजनीतिक भविष्य का ही विरोध किया है।

कांग्रेस एक तरफ सॉफ्ट हिंदुत्व को अपना चुनावी हथियार बना रही है तो दूसरी तरफ सनातन संस्कृति के प्रतीकों को खंडित करने का काम कर रही है. कर्नाटक में धर्मांतरण विरोधी कानून कांग्रेस सरकार द्वारा वापस ले लिया गया है. पाठ्यक्रमों से सावरकर और हिंदू विचारकों के पाठ्यक्रम हटा दिए गए हैं. यहां तक कि कर्नाटक के मंत्री द्वारा यह बयान दिया गया है कि जैसे सारे पशु काटे जाते हैं उसी प्रकार गाय भी एक पशु है उसे काटा जा सकता है।

एक जीत ऐसा राजनीतिक पागलपन ला सकती है इसकी कल्पना नहीं की जा सकती. भारतीय जीवन पद्धति को केवल चुनावी नजरिए से उपयोग कर सफलता हासिल करने के दृष्टिकोण पर चलने वाले लोगों को सेकुलर नटवरलाल ही कहा जा सकता है।

सनातन धर्म और परंपरा की जीवन पद्धति में रहने वाले किसी भी परिवार के लिए गीता प्रेस का स्थान पूजा का स्थान माना जाता है. हर सनातनी परिवार में छोटा ही सही लेकिन पूजा का एक मंदिर होता है और उस मंदिर में गीता प्रेस की प्रकाशित कोई ना कोई पुस्तक श्रद्धा के साथ रखी जाती है. सनातन संस्कृति और धर्म के प्रचार के लिए गीता प्रेस ने जो काम किया है वह गांधी पुरस्कार से भी कहीं अधिक महत्व रखता है.

राजनीतिक दल ऐसा क्यों सोचते हैं कि राजनीति ही देश का जीवन है. राजनीतिक दलों में पक्ष विपक्ष के बीच वैचारिक टकराव स्वाभाविक प्रक्रिया है लेकिन जनादेश से बनी सरकार के हर निर्णय का विरोध राजनीतिक समझदारी नहीं मानी जाएगी. कांग्रेस को यह बताना पड़ेगा कि गीता प्रेस को सम्मान देने का विरोध क्यों किया जा रहा है?

देश में हिंदू-मुस्लिम का विभाजन राजनीतिक कारणों से ज्यादा है. शायद बीजेपी सरकार के हर एक्शन का विरोध कांग्रेस इसलिए करती है क्योंकि इससे उसे मुस्लिम एकीकरण का लाभ मिलता है. कर्नाटक में जब से कांग्रेस को जीत मिली है तब से राजनीतिक बंदर बहुत खुश हैं. यह बंदर ऐसी राजनीतिक गुलाटियां दिखा रहे हैं कि देश भौंचक है. भारत के भीतर ही नहीं पूरी दुनिया में ऐसे बंदरों का जाल फैला हुआ है. भारतीयता और भारतीय संस्कृति की किसी भी आवाज को अल्पसंख्यकवाद से गुणा भाग करके राजनीतिक हित साधने का शर्मनाक खेल यह राजनीतिक बंदर खेल रहे हैं. वैचारिक रूप से कंगाल राजनीतिक बंदर अपने आपको ज्ञानी, ध्यानी और जीवनदानी समझने लगे हैं।

इन सियासी बंदरों को ऐसा लगने लगा है कि ये सेकुलर लीला के गिरधारी हैं. इनके ढाई घर घोड़े की चाल केवल चुनावी चाल ही होती है. इन्हें भारत और भारतीयता से केवल चुनाव के लिए ही सरोकार दिखाई पड़ता है. चुनाव के समय तो ऐसा लगता है कि इनसे बड़ा सनातनी और हिंदू कोई है ही नहीं. जब से कर्नाटक में कांग्रेस सत्ता में आई है तब से चुनावी राज्यों में बजरंगबली की गदा को कांग्रेस के कार्यालयों और कांग्रेसी नेताओं ने अपने कंधों पर उठा लिया है.

मध्यप्रदेश में चुनाव अभियान की शुरुआत करते हुए प्रियंका गांधी को भी हिंदुत्व की प्रयोगशाला में उपयोग कर लिया गया. बजरंगबली की गदा चुनावी सभा की सबसे बड़ी शोभा दिखाई पड़ रही थी. चुनावी आचरण हिंदुत्ववादी और वैचारिक आचरण हिंदुत्वविरोधी होने का सबसे बड़ा उदाहरण गीता प्रेस के सम्मान का विरोध है. राजनीतिक हलकों में ऐसा माना जा रहा था कि कर्नाटक की जीत के बाद शायद कांग्रेस अपने वैचारिक धरातल पर कुछ बुनियादी बदलाव करेगी. सियासत को तुष्टीकरण के विस्फोटक हालातों से बाहर लाकर प्रगति और विकास का नया नजरिया पेश करेगी. इसे कांग्रेस का वैचारिक दिवालियापन कहा जाएगा कि राजनीति के वर्तमान दौर के लिए कांग्रेस के ऐसे ही आचरण जिम्मेदार हैं फिर भी कर्नाटक जीत के बाद तेजी के साथ फिर कांग्रेस वही सब करने लगी है।

धर्मांतरण क्यों होना चाहिए? कर्नाटक में धर्मांतरण को रोकने के लिए कानून कांग्रेस द्वारा क्यों वापस लिया जाना चाहिए? जब कभी कांग्रेसी विचारधारा के महापुरुषों को पाठ्यक्रम से हटाया जाता है तो कांग्रेस हायतौबा मचाती है तो जनादेश से देश की सत्ता पर काबिज बीजेपी के महापुरुषों का नाम पाठ्यक्रमों से क्यों हटाया जाना चाहिए? लोकतंत्र में जनादेश सबसे ऊपर है जिसको भी जनादेश मिला है उसकी विचारधारा और मान्यता को स्वीकार करना लोकधर्म ही कहा जाएगा.

कर्नाटक से कांग्रेस के दिल की जो कली खिली है उसको मुरझाने में समय नहीं लगेगा. राजनीति को हिंदू-मुस्लिम में बांटने की गलती कांग्रेस पहले भी कर चुकी है. देश का बंटवारा भी इसी सोच पर हुआ था. देश के लोग ऐसे बंटवारे को पसंद नहीं करते. इसी कारण कर्नाटक में कांग्रेस को फिर से मौका मिला है. इस मौके का कांग्रेस को सकारात्मक नजरिए से उपयोग करना चाहिए था लेकिन यह पार्टी फिर उसी पुरानी मानसिकता पर लौट आई है. राजनीति के ज्ञानी-ध्यानी बंदर अब गीता प्रेस की खाल छील रहे हैं. तुष्टीकरण की ढाल में इन बंदरों को मोतियों का थाल सजा हुआ दिखाई पड़ रहा है. राजनीति में आचरण और विचार में दोहरापन सेकुलर नटवरलालों को बहुत समय तक और बहुत अधिक सफलता नहीं दिला पाएगा।

विपक्षी गठबंधन में पवार और नीतीश हो सकते हैं अहम् किरदार

-अरुण पटेल

23 जून को बिहार में होने वाले विपक्षी दलों के नेताओं के

जमावड़े और उससे निकलने वाले फलितार्थ की ओर विपक्ष की तुलना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की विशेष नजर लगी हुई है कि आखिर विपक्षी गठबंधन का स्वरुप क्या बनता है। विपक्षी नेता यह मान कर चल रहे हैं कि इस साल के अन्त में होने वाले चार बड़े राज्यों के विधानसभा चुनाव में यदि भाजपा हार जाती है तो उनकी 2024 की लड़ाई आसान हो जाएगी। यदि उनका सोच यही है तो वे बहुत बड़े मुगालते में हैं। इन चुनावों के नतीजे से यह मान लेना कि केंद्र की सत्ता के लिए मतदाताओं ने एक प्रकार से लाल कालीन बिछाना चालू कर दिया है तो यह ख्याल मन बहलाने के लिए तो ठीक होगा लेकिन हकीकत से कोसों दूर होगा। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जिनके नेतृत्व में ही विधानसभा के चुनाव होंगे को सहारा देने व संकट से उबारने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 जून को मध्यप्रदेश में आकर एक बड़े आदिवासी वोट बैंक को भाजपा की ओर और अधिक ताकत से मोड़ने का प्रयास करेंगे। उनका दौरा अब धार की जगह शहडोल जिले में होगा ताकि विंध्य क्षेत्र में कमजोर होती भाजपा को नई ऊर्जा मिल सके। जहां तक विपक्षी गठबंधन का सवाल है ऐसा माना जा रहा है कि वह न्यूनतम कार्यक्रम के आधार पर होगा और फिलहाल प्रधानमंत्री के पद का चेहरा कौन होगा इससे परहेज किया जायेगा। लेकिन इस महागठबंधन में अहम् भूमिका अब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार की होगी जिन्हें महागठबंधन का अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को संयोजक बनाये जाने की संभावना है। ऐसा इसलिए किया जा रहा है क्योंकि कुछ दल ऐसे हैं जो कांग्रेस से सीधे बात करने में अपने को असहज महसूस करते हैं लेकिन इन दोनों नेताओं से बात करने में किसी को भी परहेज नहीं है।

महागठबंधन में इस बात की संभावना बहुत कम है कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर या उनकी बीआरएस का कोई प्रतिनिधि भाग लेगा और मायावती के भी इसमें शामिल होने की बहुत ही कम संभावना है। जहां तक मायावती का सवाल है उनका रुख बहुत कुछ केंद्रीय जांच एजेंसियों के रुख पर निर्भर करेगा, तो वहीं दूसरी ओर के. चन्द्रशेखर राव लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन में शामिल हो सकते हैं। लेकिन विधानसभा चुनाव में वह भाजपा के लिए जमीन उर्वरा नहीं बनने देना चाहते इसलिए उनका प्रयास होगा कि असली चुनावी लड़ाई उनके दल और कांग्रेस के बीच हो ताकि कर्नाटक में भाजपा चुनाव हारी है तो उसे तेलंगाना में पैर पसारने का मौका न मिल पाये। देखने वाली बात यही होगी कि जो नेता या दलों के प्रतिनिधि इसमें भाग लेंगे उनके हाथ केवल एक अच्छे फोटोग्राफ के लिए मिलेंगे या उनके दिल भी मिलेंगे और छोटे-मोटे मतभेदों को भुलाने के लिए अपने क्षेत्रीय हितों को कुछ तिलांजलि देने को तैयार होंगे। महाराष्ट्र में अपना दल चुस्त-दुरुस्त करने के बाद राकांपा नेता पवार ने अपनी बेटी सुप्रिया सुले और प्रफुल्ल पटेल को कार्यकारी अध्यक्ष बना दिया है ताकि वह विपक्षी एकता के लिए अधिक समय निकाल सकें और महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी गठबंधन मजबूत बना रहे। यहां तीनों घटकों के बीच कार्यकर्ताओं से लेकर बड़े नेताओं के बीच असहज स्थितियां पैदा न हों इसका दायित्व महाराष्ट्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अजीत पवार को सौंपा गया है। वैसे सतही तौर पर देखने से यह प्रतीत होता है कि अजीत पवार के पर कतरे गये हैं लेकिन अजीत पवार की रुचि केवल महाराष्ट्र की राजनीति में है इसलिए वह वहां का मोर्चा संभालेंगे।

विंध्य का किला बचाने मोदी का सहारा: इन दिनों जिस प्रकार के संकेत राजनीतिक गलियारों में मिल रहे हैं उसके अनुसार यह माना जा रहा है कि विंध्य अंचल में भाजपा की स्थिति दिन- प्रतिदिन कमजोर होती जा रही है और कांग्रेस नेताओं के दौरे बढ़ने तथा राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रहे अजय सिंह, पूर्व पंचायत मंत्री कमलेश्वर पटेल एवं पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह इस बात के लिए पुरजोर प्रयास कर रहे हैं कि विंध्य की धरा फिर से कांग्रेस के लिए उर्वरा हो जाए, जो कि तीखे समाजवादी तेवरों या कांग्रेस के लिए पूर्व में उर्वरा रही है। यहां नगर निगम के चुनाव में भाजपा को धीरे से जोर का झटका लगा था, क्योंकि रीवा में महापौर चुनाव में कांग्रेस जीत गयी और सिंगरौली में आम आदमी पार्टी ने अपना महापौर निर्वाचित करा लिया। भले ही कांग्रेस यहां फिर से पूरा जोर लगा रही है लेकिन भाजपा आसानी से अपने इस नये गढ़ को खोना नहीं चाहती है। 2018 के विधानसभा चुनाव में विंध्य में 30 सीटों में से 24 सीटें भाजपा ने जीती थीं। प्रधानमंत्री मोदी अब शहडोल जिले में 27 जून को जायेंगे क्योंकि भाजपा धार, झाबुआ सहित मालवा और मध्य भारत को तो अपना गढ़ समझती ही है इसलिए वह विंध्य को बचाने के लिए मोदी के चेहरे का सहारा ले रही है। भोपाल में 27 जून को मोदी की एक डिजिटल रैली होगी तथा वह दो वन्दे भारत ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखायेंगे जो कि भोपाल-इंदौर और

भोपाल-जबलपुर के बीच चलेंगी। इसी दिन 10 लाख बूथ कार्यकर्ताओं को भी वे डिजिटल रैली के रूप में संबोधित करेंगे। इस दौरान लगभग ढाई हजार नेता भी भोपाल पहुंच रहे हैं। भोपाल के कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री मोदी शहडोल जायेंगे। मोदी आदिवासियों के बीच ज्यादा समय देना चाहते हैं। शहडोल के पखरिया गांव में मोदी आदिवासी के घर भोजन भी करेंगे, इस दौरान वहां आदिवासी संस्कृति और लोक कलाओं का कार्यक्रम भी रखा जायेगा। देश के 17 राज्यों में जनजातीय समाज के लोग सिकलसेल एनीमिया के शिकार हैं, इन सभी राज्यों को बीमारी से मुक्त करने के लिए प्रधानमंत्री शहडोल से मिशन लांच करेंगे। इन राज्यों में गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडीसा आदि शामिल हैं। यह अनुवांशिक बीमारी है जिसमें रक्त कोशिकाएं बनना बंद हो जाती हैं। प्रधानमंत्री का बीते दो माह में यह दूसरा विंध्य अंचल का दौरा होगा। इसके पूर्व पंचायती राज दिवस पर आयोजित सम्मेलन में शिरकत करने के लिए 24 अप्रैल 2023 को वे रीवा आये थे। विंध्य अंचल की एक पीड़ा यह है कि 2018 के विधानसभा चुनाव में जिस अनुपात में विंध्य से भाजपा को सीटें हासिल हुई थी उस अनुपात में प्रदेश सरकार में केबिनेट मंत्री नहीं बनाये गये।

और यह भी: कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने प्रदेश की संस्कारधानी जबलपुर से चुनावी अभियान का शंखनाद नर्मदा पूजन के साथ किया, इस प्रकार उन्होंने कांग्रेस के प्रचार अभियान में धार्मिकता का तड़का लगा दिया। जहां उन्होंने अपनी पांच गारंटियां मतदाताओं को दीं तो वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को निशाने पर लेते हुए कहा कि मोदी जी ने उनको दी जाने वाली गालियों की जो सूची बनाई थी उससे लम्बी है शिवराज सरकार की घोटाला सूची है। उनका कहना था कि शिवराज सरकार ने 225 महीनों में 220 घोटाले किए हैं। अपने भाषण में प्रियंका गांधी शिवराज पर ही काफी आक्रामक रहीं तो वहीं बिना नाम लिए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर भी तंज कस दिया। उन्होंने शिवराज को घोषणावीर कहते हुए घेराबंदी की कोशिश की और कहा कि आपके मुख्यमंत्रित्वकाल में 22 हजार घोषणाएं हो चुकी हैं इसकी जगह यदि इतनी ही नौकरियां युवाओं को देते तो लोगों का कुछ भला होता। उन्होंने कुछ प्रमुख घोटालों का भी उल्लेख किया, जो कि प्रदेश के राजनीतिक फलक पर काफी चर्चित रहे। प्रियंका ने जो पांच गारंटी लोगों को दी हैं उनमें हर महिला को 1500 रुपये प्रतिमाह देना, 500 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराना, पहले 100 यूनिट का बिजली बिल माफ और 200 यूनिट का बिजली बिल हाफ होगा, किसानों की कर्जमाफी पुनः प्रारंभ होगी और बचे हुए किसानों का कर्ज माफ होगा, सबसे महत्वपूर्ण गारंटी उन्होंने यह दी कि शासकीय कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल होगी। अब देखने वाली बात यही होगी कि प्रियंका की गारंटियों का मतदाताओं पर क्या असर पड़ता है, क्योंकि उनकी इन गारंटियों के पहले ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लाडली बहना योजना के तहत महिलाओं को एक-एक हजार रुपये प्रतिमाह की राशि उनके खातों के डाल चुके हैं और यह भी कहा है कि यह शनैः-शनैः बढ़ते हुए 3000 रुपये प्रतिमाह तक हो जायेगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in

सागर जिले में सुरखी में दलित समुदाय के घरों पर बुलडोजर चलाने की घटना के खिलाफ कांग्रेस एक्शन में

राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह आज सागर जिले के सुरखी जाएंगे। पीसीसी अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देश पर सुरखी का दौरा करेंगे दिग्विजय सिंह। आज सुबह 11 बजे भोपाल से रवाना होंगे दिग्विजय सिंह। सुरखी में दलित समुदाय के घरों पर चलाया गया है बुलडोजर। प्रधानमंत्री आवास के तहत बनाए गए घरों पर चला है बुलडोजर। दिग्विजय सिंह पीड़ित परिवारों से मुलाकात करेंगे। सागर जिले में लगातार किया जा रहा है सत्ता के दबाव में लोगों का उत्पीड़न।

कन्या संकुल औबेदुल्लागंज के शिक्षक सातवें वेतन की चौथी किस्त ना मिलने से परेशान

ओबेदुल्लागंज । कन्या संकुल ओबेदुल्लागंज के 80-90 अध्यापको का सातवे वेतनमान की चौथी क़िस्त का भुगतान बी इ ओ कार्यालय के डी डी औ डी पी बरखने जी द्वारा अप्रैल पेड़ मई में होने बाला भुगतान आज दिनांक तक नहीं हुआ.इसका ज्ञापन कलेक्टर महोदय को भी दिया लेकिन डी डी ओ की इसमें भी उदासीनता दिखी जिसके चलते आज दिनांक तक भुगतान नहीं हुआ.शिक्षक चाहते है की इसका शीघ्र भुगतान हो नहीं तो वरिष्ठ अधिकारियो से गुहार लगाई जावेगी

डीपी बरखने ब्लॉक वेतन आहरण अधिकारी शिक्षा विभाग ओबेदुल्ला गंज का कहना है कि जो भुगतान बिल आया था उसमें कुछ त्रुटियां थी तो उसे वापस किया गया है जब प्राचार्य वहां से सुधार करके देंगे तो भुगतान करा दिया जाएगा ।

प्रमोद गुर्जर एसडीएम गोहरगंज ने कहा कि मैं दिखवाता हूँ

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जगह-जगह योग शिविर का आयोजन

ओबेदुल्लागंज। को शासकीय सीएम राइज विद्यालय औबेदुल्लागंज मे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।जिसमें सूक्ष्म व्यायाम तथा प्राणायाम कराए गए,जिसमें समस्त विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने हिस्सा लिया। योगाचार्य श्री हरिओम केवट ने योगाभ्यास कराया।एनसीसी ऑफिसर श्री आनंद तिवारी ने एनसीसी कैडेट्स की सहायता से योग दिवस की पूरी व्यवस्था करवाई एवं योग दिवस में हिस्सा लिया। स्काउट प्रभारी श्री सुशील पाठक एवं स्काउट छात्रों ने भी योग में हिस्सा लिया ।उप प्राचार्य महोदय श्री एचएन मिश्रा जी ने योग दिवस की शुभकामनाएं दी ।संस्था की प्राचार्य श्रीमती चंद्रावती अतुलकर जी ने सभी छात्रों एवं शिक्षकों को प्रतिदिन योग करने की सलाह दी ।कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन खेल प्रभारी श्री मेश्राम जी ने किया। कार्यकम में श्रीमती सीमा सोनपुरे,नीलम पटेल, संध्या श्रीवास्तव, सुनीता यादव मैडम ने व्यवस्था बनाए रखी। वही नगर के गायत्री मंदिर में बरसों से सुबह प्रातः योग शिविर निशुल्क लगाया जाता है जिसमें नगर के अनेकों लोग पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं

बैरसिया विधानसभा के लालघाटी रतुआ पर कर्क रेखा के शिलालेख का किया लोकार्पण

बैरसिया। बैरसिया के ग्राम लालघाटी रतुआ स्थित क्षेत्रीय विधायक विष्णु खत्री द्वारा बुधवार को कर्क रेखा के शिलालेख का लोकार्पण किया कर्क रेखा बैरसिया क्षेत्र के ग्राम लालघाटी रतुआ से होकर गुजरती है 21 जून को जब सूर्य इस रेखा के एकदम ऊपर होता है, उत्तरी गोलार्ध में वह दिन सबसे लंबा व रात सबसे छोटी होती है, कर्क रेखा पृथ्वी की उत्तरतम अक्षांश रेखा हैं, जिस पर सूर्य दोपहर के समय लम्बवत चमकता हैं। यह घटना %जून क्रांति% के समय होती है, जब उत्तरी गोलार्ध सूर्य के समकक्ष अत्यधिक झुक जाता है । इस अवसर पर विज्ञान भारती के राष्ट्रीय सचिव प्रवीण रामदास म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के प्रबंध संचालक डॉ अनिल कोठारी, भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, संबंधित वैज्ञानिक एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे ।

कलेक्टर ने किया मनावर अनुभाग का दौरा

धार । कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने आज मनावर एसडीएम कार्यालय का निरीक्षण किया। एडीएम केएल मीणा, एसडीएम भूपेंद्र रावत, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एसएस चौहान साथ थे। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कार्यालय का निरीक्ष कर एसडीएम को निर्देश दिए कि कार्यालय में साफ सफाई व्यवस्थित रखें। यहां स्वान टॉवर लगवाए। कार्यालय के सामने खाली जगह पर सुंदर बगीचा बनाएं। कार्यालय में हेल्पडेस्क ओर व्यवस्थित करें ताकि हेल्पडेस्क के माध्यम से आगंतुक को सारी जानकारी मिलती रहें। इसके पश्चात कलेक्टर श्री मिश्रा सिविल अस्पताल पहुंचे। यहां लेखा वार्ड, प्रसूति वार्ड, नर्सिंग स्टेशन देखा। साथ ही उन्होंने डॉक्टर की उपस्थिति रजिस्टर के माध्यम से जांची। उन्होंने डॉ सुनील देसाई को गैर मौजूदगी पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने एमरजेंसी डॉक्टर की ड्यूटी के बारे में जानकारी ली। बीएमओ ने उन्हें बताया की डॉक्टर्स को कॉल पर बुलाते है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा की व्यवस्था ऐसी हो की कोई एक डॉक्टर अस्पताल में जरूर मौजूद रहे।

कैबिनेट मंत्री के प्रयास से नगर पालिका को मिली 12 करोड़ की विकास कार्य की सौगात

रायसेन। स्थानीय सर्किट हाउस में नगर के विकास हेतु बैठक की गई। बैठक में अमृत 2 के तहत 12 करोड़ के विकास निर्माण कार्यो की स्वीकृति की गई। बैठक की अध्यक्षता मध्य प्रदेश शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कैबिनेट मंत्री डॉक्टर प्रभु राम चौधरी ने की,

कैबिनेट मंत्री डॉक्टर प्रभु राम चौधरी के अथक प्रयासों से नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता जमुना सेन द्वारा नगर में निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं। निरंतर विकास के अंतर्गत 12 करोड़ के विकास कार्य अमृत 2 योजना के अंतर्गत 9.75 करोड रुपए की राशि जलप्रदाय पाइप लाइन का विस्तार एवं पूरन तालाब का सौंदर्यकरण हेतु 1.38 करोड़ एवं वार्ड क्रमांक 18 में स्थित पार्क का विकास 66. 82 लाख का किया जाएगा। विकास कर की कुल राशि 12 करोड़ है। जिससे नगर में विकास कार्य किए जाएंगे। उक्त कार्यों के लिए शीघ्र निवेद जारी कर काम शुरू किया जाएगा। जिससे जिससे नगर के नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं प्राप्त होगी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉक्टर प्रभु राम चौधरी जिला कलेक्टर अरविंद दुबे नगर पालिका की अध्यक्ष श्रीमती जमुना सेन एसडीएम मुकेश सिंह विधायक प्रतिनिधि एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जमुना सेन सीएमओ इंशाक धाकड़ उपस्थित थे

कांग्रेस प्रचंड बहुमत के साथ वापसी कर रही है : कमलनाथ

पूर्व मुख्यमंत्री और मप्र कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने किया शंखनाद

शाजापुर । पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रामवीर सिकरवार के नेतृत्व में आमसभा मैं पहुंचे मध्य प्रदेशदिग्गज नेता सज्जन सिंह वर्मा शाजापुर जिले के दिग्गग नेता हुकुम सिंह कराड़ा , विधायक कालापीपल के विधायक कुनाल चौधरी श जिला कांग्रेस अध्यक्ष योगेंद्र सिंह (बंटी बना) सईदुल्लाह खान गजेंद्र सिंह सिसोदिया जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष जयंत सिकरवार ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष शाजापुर इरशाद खान कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मौजूद थे।

कार्यक्रम में स्वागत भाषण स्वागत बेला के पश्चात शुजालपुर विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी रहे पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रामवीर सिंह सिकरवार ने अपनी टीम के साथ भावभीना स्वागत किया व भगवान श्री हनुमानजी की प्रतिमा भेंट की

आपदा से निपटने आपदा मित्रों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

रेस्क्यू में उपयोगी उपकरण की जानकारी दी गई

बैरसिया। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण भारत सरकार एवं राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मध्यप्रदेश भोपाल के मार्गदर्शन में आपदा मित्र प्रशिक्षण का संचालन किया जा रहा हैं।जिससे आपदा मित्र तैयार होने के बाद उनकी आवश्यकता होने आपदा प्रबंधन के काम में मदद ली जा सकेगी।आपदा मित्र प्रशिक्षण के अंतर्गत पीसी शरद यादव द्वारा बताया कि रेस्क्यू में उपयोग होने वाले उपकरणों उनको लाने ले जानें का तरीका उनका उपयोग किन परिस्थितियों में किस प्रकार से किया जा सकता है। बोट का खोलना, जोड़ना ओबीएम आदि के बारे में बताया गया। रबर बोट को लाना, ले जाना, असेंबल्ड, असेंबल करना इसका अभ्यास आपदा मित्रों से कराया गया । इसके उपरान्त रबर बोट की विस्तृत जानकारी और रेस्क्यू वाहन की जानकारी दी गई।

श्रीमती पूजा जाट प्लाटून कमांडर और श्री मातवार पटेल हवलदार अनुदेशक द्वारा रेस्क्यू में उपयोग होने वाली गठान ओ हिट्स की जानकारी दी और अभ्यास कराया गया, इसके पश्चात् श्री परणदीप जग्गी डिविजनल वार्डन भोपाल द्वारा सीपीआर चोकिंग एमएफआर कार की पट्टियों की जानकारी डेमो सिखाया और आपदा मित्रों से अभ्यास कराया गया। इस काम को करते समय क्या - क्या सावधानियां, बचाव रखना चाहिए इस विषय में विस्तृत जानकारी आपदा मित्रों को दी गई। कार्यकम का संचालन जिला सेनानी भोपाल रामकुमार शर्मा के नेतृत्व मे किया जा रहा है।

विधानसभा निर्वाचन की तैयारियां इलेक्शन मोड में करें:कलेक्टर

छतरपुर,। कलेक्टर छतरपुर संदीप जी.आर एवं पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने बुधवार को पुलिस कॉन्फ्रेंस सभाकक्ष में जिले के राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों के संयुक्त बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव की पूर्व तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि चुनाव की तैयारियां इलेक्शन मोड में करें। राजस्व एवं पुलिस अधिकारी आपसी कम्युनिकेशन, कोआर्डिनेशन, सजगता और संवेदनशीलता से निर्वाचन के कार्य करते हुए बाण्ड ओवर की कार्यवाही कैंप लगाकर करें।

कलेक्टर ने निर्देश दिये कि चुनाव से जुड़ी शिकायतों के समुचित एवं समयसीमा से पूर्व समाधान के लिए थाने और अनुविभाग राजस्व अधिकारी के स्तर पर कर्मचारियों को प्रशिक्षित करें और निर्वाचन आयोग को जानकारी भेजे। थानों में लंबित गैर जमानती वारंट की तामीली हो। एनएसए के प्रकरण को चिन्हित करते हुए कार्यवाही कराएं। अंतर्राज्जीय बार्डर प्वाइंट एवं सीसीटीवी कैमरे से जुड़ी जानकारी को अध्यतन करें। आर्म्स लायसेंस की कार्यवाही समयसीमा में सत्यापित करें। पुलिस और राजस्व अधिकारियों की चुनाव से जुड़ी डाटा संबंधी जानकारियां एकसमान हो।

बाण्ड ओवर 107 एवं 116 की कार्यवाही अभी से शुरू करें। चुनाव के मद्देनजर दोनों महकमे के हर स्तर के मैदानी अधिकारी ज्वाइंट एक्टिविटी करते हुए प्रीवेंटिव एक्शन के मद्देनजर दायित्व निभाये। जिले के ऐसे क्षेत्र जहां मोबाइल नेटवर्क की सुविधा नहीं है उन्हें चिह्नित करते हुये सूची उपलब्ध कराये। पुलिस अधीक्षक अमित सांघी और एएसपी विक्रम सिंह ने भी चुनाव की तैयारियों के संबंध में मैदानी अमले को चुस्त-दुरुस्त रखते हुए कोआर्डिनेशन से चुनावी तैयारियां करने तथा जिला बदर तथा एनएसए की कार्यवाही कराने और क्षेत्रीय राजनैतिक दलों के साथ चुनावी तैयारियों की जानकारी के संबंध में बैठक करने पर जोर दिया। अपर कलेक्टर नमः शिवाय अरजरिया ने बताया कि भोपाल में संपन्न आरओ एवं एआरओ को प्रशिक्षण से अधिकारी दक्ष हुए है। उन्होंने निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव कराने और आने वाली कठिनाइयों को कम से कमतर करने के लिए अपनाई जाने वाली व्यवहारिक बातों की जानकारी दी। इसीतरह क्रिटिकल मतदान केन्द्र के मानक स्तर, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में निर्वाचन संबंधी अपराध,चुनाव सभा में उपद्रव, चुनाव की पोस्टर्स एवं सामग्री की छपाई में प्रकाशक का नाम होने तथा उल्लंघन होने पर धारा 127 ए में कार्यवाही करने, मतदान की गोपनीयता के उल्लंघन पर वैधानिक कार्यवाही करने, 100 मीटर में प्रचार प्रतिबंध रहने, चुनाव में अवैध वाहनों के उपयोग पर प्रतिबंध होने, मतदान दिवस के 48 घंटे पूर्व से शराब की बिक्री होने पर प्रतिबंध, संपत्ति विरूपण अधिनियम, कोलाहल अधिनियम, धार्मिक स्थान और सोशल मीडिया में आयोग के निर्देशानुसार प्रचार-प्रसार की गतिविधियां प्रतिबंधित, चुनाव के लिए की जाने वाली सभा स्थलों को चिन्हित करने और उनकी अनुमति देने के लिए सिंगल विन्डो सिस्टम शुरू कराने की जानकारी दी।

पहले भारत दूसरे देशों की तरफ देखता था, अब दुनिया भारत की ओर देख रही है : विधायक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 9 वर्षीय कार्यकाल पर पत्रकारवार्ता

रतलाम । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। पिछले 9 सालों के भाजपा सरकार के कार्यकाल में देश का परम वैभव चारों तरफ बढ़ा है। यही कारण है कि पहले भारत दूसरे देशों की तरफ देखता था, लेकिन अब दुनिया भारत की ओर देख रही है। केन्द्र सरकार ने जनकल्याण के साथ विकास के हर पहलू को छुआ है। आने वाले वर्षों में देश को समृद्धशाली राष्ट्र बनाने के लिए भाजपा दृढ़ संकल्पित है।

यह बात विधायक चेतन्य काश्यप ने भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार के 9 वर्षीय कार्यकाल पूर्ण होने पर आयोजित महासंपर्क अभियान में पत्रकारवार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के बाद देश का स्वर्णिम काल चल रहा है। दुनिया आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रही है और इसका श्रेय भी हमारे प्रधानमंत्री को ही जाता है। योग को पूर्व में धार्मिक प्रक्रिया से जोड़ा जाता था, लेकिन आज यह जन-जन की आवाज बन गया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में धारा 370 हटाकर कश्मीर समस्या का समाधान हुआ है, वहीं अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है। तीन तलाक का कानून बनाकर उन्होंने महिलाओं को सम्मान से जीने का हक दिलाया है। इसके साथ ही 8 लेन एक्सप्रेस-वे, रेलवे स्टेशनों और हवाई अड्डों के विकास के साथ देश को नए पथ पर अग्रसर किया है। पूरी दुनिया भारत को शांतिदूत के रूप में देख रही है। युक्रेन युद्ध के लिए भी प्रधानमंत्री मोदी से ही शांति की पहल करने की उम्मीद की जा रही है।

श्री काश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री ने युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए भी कई अवसर निर्मित किए है। स्टार्टअप का आकड़ा करीब 97 हजार है। इनमें से 14 हजार पूर्ण स्थापित हो गए है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने स्वीकारा था कि वे 1 रुपया भेजते है तो जनता तक 15 पैसे ही पहुंचता है। उन्होंने इस समस्या को दूर करने के कोई प्रयास नहीं किए, लेकिन प्रधानमंत्री द्वारा जनधन खाते खुलवा कर पूरे पैसे जनता के खाते में जमा करने का प्रबंध किया है। इससे सभी योजनाओं का पैसा अब सीधे खाते में जा रहा है। मोदीजी ने सही मायनों में लोकतंत्र का राजनेता होने का उदाहरण पेश किया है। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन को जनआंदोलन बनाया है, वहीं देश की सांस्कृतिक एवं औद्योगिक विरासत को भी काफी आगे बढ़ाया है। कोरोना काल के दौरान भारत ने पूरे विश्व की मदद की है। कई देशों को वैक्सीन उपलब्ध करवाई गई है और देश में भी लॉकडाउन के दौरान खाद्यान्न की व्यवस्था से लेकर दवाओं के प्रबंध तक सारे कार्य ऐतिहासिक रूप से किए है।

श्री काश्यप ने कहा कि देश को मोदी जी के रूप में ऐसा नेतृत्व मिला है, जो पहले कभी हुआ है और न कभी होगा। रतलाम को उनके नेतृत्व से एक्सप्रेस-वे की बड़ी सौगात मिली है, जिसके समीप विशेष निवेश क्षेत्र का विकास होगा। इससे रतलाम की दशा और दिशा बदल जाएगी और यह मालवा और निमाड़ का प्रमुख केन्द्र बनकर पुनः स्थापित होगा। पत्रकारवार्ता के दौरान भाजपा जिला महामंत्री निर्मल कटारिया, महापौर प्रहलाद पटेल, जिला मीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठी एवं सहप्रभारी निलेश बाफना उपस्थित रहे।

कलेक्टर अनुराग वर्मा का सम्मान

कलेक्टर के नवाचार को 2 उपलब्धियों से नवाजा गया

सतना जिले में मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान 2.0 के दौरान कलेक्टर अनुराग वर्मा द्वारा 20 मई 2023 को एक दिवस में राजस्व अधिकारियों के सहयोग से मैदान में जाकर 1552 भूमि प्लाटों के सीमांकन के नवाचार को एशिया बुक आफ दि रिकार्डस एवं इण्डिया बुक आफ रिकार्ड में दर्ज किया गया है। संस्था की ओर से उनके प्रतिनिधियों ने 21 जून 2023 को सतना कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर अनुराग वर्मा को इन उपलब्धियों का प्रमाण पत्र एवं मेडल सौंपे। इस मौके पर राजस्व विभाग की इस महत्वपूर्ण दो उपलब्धियों पर कलेक्टर का संस्था और राजस्व विभाग की ओर से अभिनंदन किया गया। जिला प्रशासन और राजस्व विभाग की ओर से सीमांकन के महा अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित राजस्व निरीक्षक, पटवारी, कोटवार, चौकीदार तक के अमले को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये।

कलेक्टर अनुराग वर्मा ने कहा कि जिले में एक दिन में 12 घंटे के भीतर 1552 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण एक संयुक्त टीम के प्रयास का परिणाम है। जिसमें कलेक्टर से लेकर कोटवार तक सभी राजस्व अमला मैदान में लगा रहा। उन्होंने कहा कि सीमांकन प्रकरणों के निराकरण के लिए अविवादित सीमांकन के लंबित प्रकरणों में सभी औपचारिक प्रकियायें पूर्ण कर राजस्व अधिकारियों को 1275 प्रकरणों के निराकरण का लक्ष्य दिया गया था। जिसमें राजस्व अधिकारियों और अमले में जी तोड़ मेहनत कर लक्ष्य से कहीं अधिक 1552 प्रकरण निराकृत कर आरसीएमएस पोर्टल में विधिवत दर्ज कराये। उन्होंने कहा कि इस अभियान में मीडिया के मित्र भी मैदान में मौजूद रहकर लगातार गतिविधियों को कवर कर रहे थे। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिले में मिली इस उपलब्धियों के लिए बधाई और शुभकामनायें दी। एशिया बुक आफ रिकार्डस तथा इण्डिया बुक आफ रिकार्ड के प्रतिनिधि डॉ. हर्षित तिवारी ने कहा कि एक जिले में 12 घंटे में 1552 लैण्ड डी मार्केशन का रिकार्ड देश और एशिया में बना है। यह एक असाधारण गतिविधि और कड़ी मेहनत तथा संयुक्त प्रयास और निर्देशन का सफल परिणाम है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राज में हर घर में हमारा लाभार्थी : दिनेश राय

मोदीजी के राज में हर वर्ग का उत्थान, लाभार्थी शिविर में सम्मान के साथ स्वास्थ्य परीक्षण का मिला लाभ

सिवनी- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऐतिहासिक 9 वर्ष के कार्यकाल में देश ने वह एहसास किया है जो पिछली कांग्रेस की सरकारों में कभी नहीं देखा कांग्रेस की सरकारों की परंपरा रही है कि वह राग द्वेष से काम करती थी परंतु भाजपा की सरकारे विकास और जनकल्याण के लिये समान दृष्टि और नीति के अनुसार काम करती है भाजपा वोट के लिये काम नहीं करती कांग्रेस और भाजपा में काम करने के तरीको में यह भी एक बड़ा अंतर है भाजपा के काम करने का तरीका समदर्शी है नीतियाँ स्पष्ट है इस काम के मामले में यह भेदभाव नहीं किया जाता कि किसने हमे वोट दिया है या नहीं दिया । भारतीय जनता पार्टी व्यापक दृष्टि और बड़े लक्ष्य को लेकर काम करने वाला राजनैतिक दल है । जनकल्याण और देश का विकास हमारी प्राथमिकता होती है । यह बात मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष विनोद गोटिया ने मंगलवार को बाहुबली लॉन में आयोजित सिवनी विधानसभा के विधानसभा स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन और सम्मान समारोह में कहीं ।

विधानसभा स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन में सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, वरिष्ठ नेता वेदसिंह ठाकुर, पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया, पूर्व विधायक नरेश दिवाकर, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेम तिवारी, भाजपा जिला महामंत्री गजानंद पंचेश्वर, विशेष जनसंपर्क अभियान के सह जिला प्रभारी लालू राय, सिवनी विधानसभा के कार्यक्रम संयोजक एवं भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल सहित अनेक वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य आतिथि विनोद गोटिया एवं अन्य उपस्थित जनों ने दीप प्रज्ज्वालित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया स्वागत के पश्चात मुख्य आतिथि श्री गोटिया ने अपने संबोधन में कहा कि आज हर घर में हमारा लाभार्थी कार्यकर्ता है। हर घर में हमने कोरोना काल में निःशुल्क कोविड टीकाकरण से हर नागरिक की सुरक्षा की है। वही गरीब, शोषित, वंचित और समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति का समग्र विकास, भारतीय जनता पार्टी की प्रमुख प्राथमिकता है।

भाजपा लाभार्थी सम्मेलन को बहु उपयोगी बनाने बाले सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत हमने पूरी यूरोप की आबादी से अधिक 80 करोड़ों लोगों को मुफ्त अनाज वितरित करके कोई भी भूखा ना रहे, को चरितार्थ किया है। गरीबों की सेवा ही हमारे जीवन का उद्देश्य है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत 122 करोड़ आवास और ग्रामीण के अंतर्गत 2.3 करोड़ आवास स्वीकृत हुए हैं। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 11.22 करोड़ शौचालयों का निर्माण हमारी सरकार ने कराया है। हर घर में नल जल योजना के अंतर्गत टोंटी वाला पानी शुद्ध पेय हर गरीब को मिले इसके लिए 6.2 करोड़ लोगों को सुविधा दी है। सिवनी विधानसभा क्षेत्र के गांवो में भी सामुदायिक जल योजनाओं के तहत कार्य किया जा रहा है। पेंच की नहरों से आने वाले पानी ने क्षेत्र में कृषि के प्रति उत्साह पैदा कर दिया है आर्थिक संपन्नता के प्रभाव देख रहे है। श्री राय ने कहा कि जिले में मेडीकल कालेज भी शीघ्र प्रारंभ होगा। सिवनी विधायक ने उपस्थित लाभार्थियों को संबोधित करने के साथ उनके बीच में जाकर उनका पुष्प वर्षा कर स्वागत सम्मान किया और सभी हितग्राहियों को पौधा भेंट पर्यावरण बेहतर बनाये रखने का संदेश दिया। विधायक ने लाभार्थियो के बीच जाकर उनसे चर्चा की।

समस्त उपस्थित अतिथियों ने कार्यक्रम शामिल हुये लाभार्थियों का सम्मान किया उन्हें पौध देकर तिलक चंदन वंदन कर स्वागत किया। कार्यक्रम में शासकीय आशासकीय चिकित्सों ने उपस्थित होकर एलोपैथिक, आयुर्वेदिक, एवं होमियोपैथिक पैथी से मरीजो की इच्छा अनुसार स्वास्थ्य परीक्षण और सलाह देते हुये आवश्यक दवाये प्रदान की स्वास्थ्य शिविर में लगभग 2700 मरीजो का पंजीयन और परीक्षण हुआ। साई नेत्रा के नेत्र चिकित्सक योगेन्द्र पटेल एवं परासिया लायंस क्लब के द्वारा नेत्र परीक्षण की व्यवस्था की गयी तथा लगभग 350 मरीजो को चश्मा वितरित किये गये । मोतियाबिंद के मरीजो का निःशुल्क आपरेशन की व्यवस्था की गयी । चिकित्सा शिविर में डॉ. नरेन्द्र नाथ नामदेव, प्रियेश रोकड़े, मीना पवार, शिल्पा सैलाम, सिविल सर्जन डॉ. नावकर, डॉ. यशवंत माथुर, डां. विजय चौकसे, डां. नेहा डेहरिया, डॉ. गीतांजली सचान, डॉ. रमाकांत अमरोदिया, शिवशंकर पिपनिया एवं इनके सहयोगी स्टाफ ने सराहनीय सेवाएँ प्रदान की। इस आयोजन को सफल बनाने के लिये सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन के मार्गदर्शन में भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल के संयोजकत्व में गठित समिति के सदस्य दीपक नगपुरे, डां. अभिजीत चौहान, श्रीमती एकता चौरसिया, सुश्री रानी बघेल श्रीमती उर्मिला उईके, कपिल पांडे, डां. भूपेन्द्र मिश्रा संदीप मिश्रा, सतीश दुबे, नरेश गिरि, पापे चौरसिया, अनीता राठौर, वंदना बैस, रूकमणी सनोडिया विनायक शर्मा, अजीत जापानी जैन, रोहित साहू आदि की भूमिका सराहनीय रही।

कार्यालय तहसीलदार नजूल वृत्त गोविन्दपुरा भोपाल

(पुराना आर.टी.ओ. कार्यालय भोपाल)

प्रकरण क्रमांक .../अ-6/23-24

आम सूचना

आवेदिका श्रीमती राधा तिवारी पत्नी स्व. श्री शंभु दयाल तिवारी राहुल तिवारी पुत्र स्व. श्री शंभुदयाल तिवारी श्रीमती मीना अग्रवाल पत्नी श्री राहुल अग्रवाल पुत्री स्व.श्री शंभूदयाल तिवारी श्रीमती मंजुला शर्मा पत्नी श्री जितेन्द्र शर्मा एवं पुत्री स्व. श्री शंभूदयाल तिवारी एवं श्रीमती ममता शर्मा पत्नी श्री सुरेश शर्मा एवं पुत्री स्व. श्री शंभुदयाल तिवारी द्वारा आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रति रजिस्टर्ड विक्रय पत्र की प्रति आदि दस्तावेज प्रस्तुत कर प्लाट क्रमांक 66 कर्मवीर गृह निर्माण ग्राम नरेलाशंकरी क्षेत्रफल 1740 वर्ग फिट का फौती नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएवं एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति 15 दिवस में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि बीत जाने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

तहसीलदार

नजूल वृत्त गोविन्दपुरा भोपाल

पहले दिया सम्मान, अब किया साइडलाइन

कार्यकर्ताओं को दरकिनार कर 2023 में बीजेपी की दो सौ पार करने की तैयारी

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में फिल्म और ओटीपी जगत प्रमुख व्यक्तियों के साथ पीपल, नीम और अमरुद के पौधे रोपे। पौधरोपण में प्रोड्युसर एवं एक्टर सुश्री वाणी त्रिपाठी टीकू, सोनी पिक्चर्स इंटरटेन्मेंट मुंबई के प्रोडक्शन हेड धैर्यशील निम्बाल्कर, जियो स्टूडियो मुंबई की कन्टेंट अलाएंस हेड सुश्री शोभा संत, नेटफ्लिक्स के डायरेक्टर (प्रोडक्शन मैनेजमेंट) पार्थ अरोड़ा, वन एच मीडिया कंसल्टेंट मुंबई की फाउंडर सुश्री हेमलता उपाध्याय आदि शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने अंगवस्त्रम् भेंटकर अतिथियों को अभिवादन किया।

भोपाल। बस अब मध्यप्रदेश की सियासत में यही शोर सब जगह सुनाई दे रहा है और चुनाव तक देता भी रहेगा। जो बीजेपी जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की नाराजगी से जूझ रही है. वो इस गुस्से को खत्म करने की जुगत भले ही न लगा सकी हो, लेकिन इसकी काट जरूर ढूंढ लाई है। मध्यप्रदेश बीजेपी के आला नेता भले ही ये कहते सुने जा रहे हों कि कार्यकर्ता ही चाणक्य है। भले ही कार्यकर्ता में जान फूंकने खुद पीएम उनसे वीसी के जरिए रूबरू होने वाले हों, लेकिन हकीकत कुछ और ही है। बीजेपी अब उस दांव को चल रही है, जिसके बाद कार्यकर्ता की नाराजगी उसके लिए कोई मायने नहीं रखेगी। 2019 के लोकसभा चुनाव और उसके बाद हुए यूपी चुनाव में आजमाया हुआ ये फॉर्मूला अब मध्यप्रदेश में बीजेपी का सहारा बनेगा।

बीजेपी के लिए गंभीर स्थिति, अब पार्टी रास्ता ही बदल लेगी- बीजेपी हर बार ये दावा करती आई है कि उसके लिए कार्यकर्ता ही सब कुछ है। जिन्हें कभी त्रिदेव तो कभी चाणक्य का दर्जा भी दिया गया। खुद पीएम नरेंद्र मोदी मेरा बूथ सबसे मजबूत का नारा इन्हीं कार्यकर्ताओं के दम पर बुलंद करते आए हैं। पार्टी की जीत का दरवाजा खोलने वाला यही कार्यकर्ता फिलहाल अपनी ही पार्टी से नाराज हैं। नाराजगी के कारण किसी से छिपे नहीं हैं। कार्यकर्ताओं की अनदेखी, बेलगाम अफसशाही और प्रभारी मंत्रियों की नाराजगी के अलावा कांग्रेस से बीजेपी में आए सिंधिया समर्थक भी पार्टी के पुराने और निष्ठावान कार्यकर्ताओं की नाराजगी का कारण बन रहे हैं। पार्टी के इंटरनल सर्वे, वन-टू-वन बैठकें सब इस गंभीर होती जा रही सिचुएशन की तरफ इशारा कर रही हैं। इसके बावजूद पार्टी कार्यकर्ताओं को मना लेने का कोई श्योरशॉट प्लान अब तक ढूंढ नहीं पाई है। अब पार्टी ने रास्ता ही बदल लेने का फैसला किया है।

सेल्फी विद हितग्राही- इस नए रास्ते पर चल पड़ी बीजेपी को अब कार्यकर्ता की नाराजगी की कोई खास फिक्र नहीं है। वैसे रास्ता कहने को नया है, क्योंकि एमपी में पहली बार ये राह चुनी जा रही है। बीते लोकसभा चुनाव और यूपी में तो कार्यकर्ता की नाराजगी को खारिज कर बीजेपी इसी रास्ते से कुर्सी तक पहुंची थी। जीत का ये रास्ता हितग्राहियों की गली से होकर गुजरता है। इस गली में नेताओं को सेल्फी विद हितग्राही लेने की सलाह दी गई है। डिजिटल दुनिया को भी इस तरह से इंप्रेस कर ही लिया जाएगा। आला नेता भी हर जगह हितग्राहियों के नाम की माला जपते नजर आ रहे हैं। इस उम्मीद पर की केंद्र और राज्य की योजनाएं ही अब विधानसभा चुनाव में गेमचेंजर साबित होंगी।

लाड़ली बहना योजना ने प्रदेश का माहौल काफी कुछ हद तक बीजेपी के पक्ष में ढाल दिया है, जिन्हें एक क्लिक से खाते में पैसे मिल चुके हैं वो पार्टी के गुणगान कर रहे हैं और ये उम्मीद भी बांध ही चुके हैं कि जीत के बाद बीजेपी ये एक की जगह तीन हजार रु. खाते में भेजेगी। इसी आस पर इस बार बीजेपी के जीत का विश्वास टिका है। आला नेताओं के इंटरव्यू और भाषण में अब ज्यादातर जिक्र सरकार की योजनाओं और हितग्राहियों के नाम का होता है।

हितग्राही, सरकार से नाराजगी और कमर कसे हुए कांग्रेस-आप- योजनाओं के हितग्राही क्या कदम उठाएंगे, ये फिलहाल कहा नहीं जा सकता, लेकिन इस बात को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता कि प्रदेश में 19 साल की बीजेपी सरकार से जनता की नाराजगी किस कदर बढ़ी हुई है। अपनी योजनाओं का बखान और फिर हितग्राहियों के साथ सेल्फी लेने जैसे प्रोपेगैंडा करते क्या बीजेपी जमीनी हकीकतों से मुंह मोड़ पाएगी, जो कार्यकर्ता नए और पुराने होने की जंग में उलझा है। जो अपने ही नेताओं से नाराज है क्या उसे नजरअंदाज कर सत्ता की सीढ़ियां चढ़ना बीजेपी के लिए बहुत आसान होने वाला है।

चुनावी हार जीत में बहुत से अलग अलग फैक्टर्स मायने रखते हैं। एक तरफ हितग्राही हैं तो दूसरी तरफ सरकार से नाराजगी भी है और तीसरी तरफ कांग्रेस और आप भी हैं. जिनकी नई घोषणाओं से ये खेल रोमांचक हो गया है। ये सही है कि कांग्रेस 19 साल से सत्ता से बाहर है, इसलिए उसके बाद दांवा करने के लिए कुछ खास नहीं है। पर, ये भी सही है कि उन प्रदेशों का उदाहरण कांग्रेस के पास है, जहां उसकी सरकार आई है और वादे पूरे भी हो रहे है। आम आदमी पार्टी तो योजनाओं का ऐलान करने और उसका एग्जीक्यूशन करने के मामले में पुराने खिलाड़ी हैं। तो क्या ये मुमकिन नहीं कि बीजेपी सरकार की योजानाओं के हितग्रियों को कुछ नए फायदों की खातिर स्विच कर जाए। यानी बाजार तो रेवड़ियों का ही सजा है। नाम और उन्हें जनता तक पहुंचाने का अंदाज अलग-अलग हो सकता है। देखना ये है कि 2023 के चुनाव में किसकी दुकान की रेवड़ी खरीदार को पसंद आती है।

शाओमी इंडिया ने प्रोडक्टिविटी का पॉवरहाउस, शाओमी पैड 6 पेश किया

नई दिल्ली, एजेंसी। देश के सबसे भरोसेमंद स्मार्टफोन और एआईओटी ब्रांड, शाओमी इंडिया ने अत्यधिक अपेक्षित टेबलेट - शाओमी पैड 6 के लॉन्च की घोषणा की। यह टेबलेट उत्पादकता, रचनात्मकता और मनोरंजन का बेहतरीन अनुभव प्रदान करती है। अपने एआईओटी पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए शाओमी इंडिया ने अपने सबसे आधुनिक वायरेस ईयरबड्स - रेडमी बड्स 4 एक्टिव के लॉन्च की भी घोषणा की। फ्लैगशिप क्वालकोम स्नैपड्रैगन 870 प्रोसेसर के साथ शाओमी पैड 6 अपने पूर्ववर्ती की तुलना में 24 प्रतिशत जयादा तेज है। आधुनिक, ऑन-द-गो उपभोक्ता के लिए डिज़ाईन किए गए शाओमी पैड 6 में 309 पिक्सल प्रति इंच के साथ 2.8के रिज़ॉल्यूशन और 11 ईंच का डिस्प्ले हर दृश्य को बहुत स्पष्ट और शार्प बना देता है। इसमें 144हर्ट्ज़ का रिफ्रेश रेट है। शाओमी पैड 6 का वजन केवल 490 ग्राम है, जो शाओमी की पिछली टेबलेट के मुकाबले 21 ग्राम हल्की है।

ओराइमो ने भारत में फ्रीपॉड्स 4 वायरलेस ईयरबड्स लॉन्च किए

नई दिल्ली, एजेंसी। ओराइमो अपने युवा उपभोक्ताओं को किफायती लेकिन टेक्नोलॉजी में सबसे बेहतरीन उत्पाद पेश करने के लिए, भारत में फ्रीपॉड्स 4 लॉन्च करने के लिए तैयार है। यह उन उपभोक्ताओं के लिए बनाया गया है, जो अपनी सुविधा और आराम से कोई समझौता न करते हुए जबर्दस्त और बेहतरीन आवाज को प्राथमिकता देते हैं। फ्रीपॉड्स 4 व्यस्त एवं शोरगुल के माहौल में एकदम साफ आवाज में कॉल करने और बेहतरीन संगीत सुनने का अवसर प्रदान करते हैं। यह प्रीमियम वायरलेस ईयरबड्स आधुनिक एएनसी टेक्नोलॉजी से लैस है, जो बाहर से आपके कानों तक पहुंचने वाली आवाज को 30 डीबी तक कम कर सकता है।

गोदरेज एग्रोवेट मना रहा है अपने बायोस्टिमुलेंट 'डबल' की 25वीं वर्षगाँठ

जबलपुर, एजेंसी। गोदरेजएग्रोवेट लिमिटेड (जीएवीएल) के क्रॉपप्रोटेक्शनबिजनेस ने आज घोषणा की कि इसके बायोस्टिमुलेंट, 'डबल' ने भारतीय किसानों के लिए बेहतर उपज को सक्षम करने के 25 साल पूरे कर लिए हैं। डबल ने लगभग 3 करोड़ एकड़ भारतीय कृषि भूमि का उपचार किया है और पिछले 25 वर्षों में लगभग 2 करोड़ कृषक परिवारों के जीवन में समृद्धि लाई है। कंपनी ने डबल के 25 साल पूरे होने और किसानों को नकली उत्पादों से बचाने के अलावा बेहतर खेती के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए एक विशेषपैक भी लॉन्च किया। डबल का नया पैक उपयोगकर्ता के अनुकूल है और यह सुरक्षित पैकेजिंग बोतल में आता है। इसमें एक टैम्पर-एविडेंट सील है जो बोतल को खोलने की कोशिश करने पर फट जाती है और गिर जाती है।

पाप से नफरत करो, पापियों से नहीं: करणवीर बोहरा

मुंबई , एजेंसी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो हम रहें ना रहें हम ने अपनी दिलचस्प कहानी से दर्शकों रोमांचित कर दिया है जहां पिछले कुछ एपिसोड्स में बहुत-से सरप्राइसेस और हैरान कर देने वाले पल देखने को मिले। इस रोमांचक कहानी में अब दमयंती (किट्टू गिडवानी) यह दावा करती हैं कि स्वातिलेखा (प्रेरणा वनवारी) बारोट खानदान की आदर्श बहू बनने के लायक है और वो उसे अपने दूसरे बेटे राघवेंद्र (आभास मेहता) से शादी करने के लिए मनाती हैं। इसके अलावा समर, जिसका रोल करणवीर बोहरा निभाने जा रहे हैं, राघवेंद्र की दोस्ती के जरिए महल के दरवाजों के भीतर घुसने में सफल हो चुका है और उसके दिमाग में एक मास्टर प्लान है, जो अब बारोट परिवार में तनाव का सबब बन जाएगा।

टाटा एआईए वित्त वर्ष 23 में आईडब्ल्यूएनबीपी में शीर्ष 3 प्राइवेट जीवन बीमाकर्ताओं में शामिल

मुंबई। टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (टाटा एआईए) ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में 7,093 करोड़ रुपये की व्यक्तिगत भारित न्यू बिजनेस प्रीमियम आय दर्ज की, जो वित्तीय वर्ष 2021-22 की 4,455 करोड़ रुपये की आय से 59 प्रतिशत अधिक है। इस प्रदर्शन ने कंपनी को आईडब्ल्यूएनबीपी आय में निजी जीवन बीमाकर्ताओं के बीच तीसरा स्थान दिलाया है। वित्त वर्ष की कुल प्रीमियम आय 42 प्रतिशत बढ़कर 20,503 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वर्ष यह 14,445 करोड़ रुपये थी। वर्ष के दौरान, शुद्ध लाभ 615 प्रतिशत बढ़कर 506 करोड़ रुपये हो गया जो वित्त वर्ष22 में 71 करोड़ रुपये था।

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के रोमांस ड्रामा बरसातें - मौसम प्यार का के साथ 6 साल बाद टीवी पर लौट रहे हैं कुशाल टंडन

मुंबई, एजेंसी। कुशाल टंडन के फैंस का इंतज़ार खत्म हुआ! यह एक्टर जल्द ही सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के आगामी रोमांटिक ड्रामा बरसातें मौसम प्यार का में नज़र आएंगे। एक न्यूज़रूम के इर्द-गिर्द रची गई यह लव स्टोरी दो ज़िद्दी लोगों के टकराव की कहानी है, जिनमें से एक है रेयांश और दूसरी है आराधना। दोनों ही खुद को जज़्बातों के भंवर में पाते हैं। एक जबर्दस्त मानसून रोमांस दिखाने जा रहे इस शो को बालाजी टेलिफिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है, जिसमें कुशाल टंडन आकर्षक रेयांश लांबा का रोल निभाते नजर आएंगे। इस शो के पहले टीज़र ने फैंस के बीच हलचल मचा दी है, जहां सभी टीवी पर 6 साल के अंतराल के बाद कुशाल की वापसी को लेकर रोमांचित हैं।

त्रुटि सुधार

भोपाल प्रेस क्लब द्वारा प्रकाशित मीडिया डायरेक्टरी में धर्म गुरु वाले पेज पर सिख समाज के धर्म गुरु के स्थान पर आनंद नगर गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र पाल सिंह गिल का फोटो प्रकाशित हो गया है। श्री गिल के स्थान पर श्री गुरु चरण सिंह अरोरा का नाम प्रकाशित हो गया है। श्री अरोरा सिख समाज के वरिष्ठ समाजसेवी हैं। इसके लिए भोपाल प्रेस क्लब ने खेद व्यक्त किया है।

कटनी के एक और प्रभावशाली लोधी नेता कांग्रेस में आएंगे

भोपाल। विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा के कई नेता कांग्रेस में जाने के रास्ते खोज रहे हैं। सबसे ज्यादा भगदड़ कटनी क्षेत्र में मची है, जहां के कई पूर्व विधायक कांग्रेस के दरवाजे पर बैठे हैं।

ताजा खबर है कि एक और प्रभावशाली भाजपा नेता शंकर महतो भी कांग्रेस में जा सकते हैं। उनकी कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह के साथ एक फोटो भी वायरल हुई। इससे यह कयास लगाए जा रहे हैं कि वे कभी भी कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं।

शंकर महतो लोधी समाज के प्रभावशाली नेताओं में हैं। वे कटनी जिले के बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र के प्रभावशाली नेता माने जाते हैं और लोधी समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। इन्हें केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल का करीबी माना जाता है। शंकर महतो बहोरीबंद जनपद पंचायत के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। इसके अलावा वे पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं जिला उपाध्यक्ष भी रहे हैं।

केयर हेल्थ इंश्योरेंस के रूप में पिता को दें देखभाल का उपहार

नई दिल्ली, एजेंसी। पिता निस्वार्थ रूप से अपने बच्चों को प्यार करते हैं, अपना सर्वस्व बच्चों पर न्यौछावर कर देता है। ऐसे में बच्चों का भी दायित्व बनता है कि वे हरसंभव तरीके से पिता के प्रति अपना प्यार व्यक्त करें। फादर्स डे आने वाला है। यह सही समय है जब हम अपने पिता को एक विचारशील उपहार दें। एक ऐसा उपहार जो उनकी देखभाल को और बेहतर करने वाला हो।

यह सभी जानते हैं कि चिकित्सा पर खर्च बहुत महंगा हो रहा है। स्वास्थ्य से संबंधित अनिश्चितताएं भी काफी फैल गई है। ऐसे में एक बेहतरीन स्वास्थ्य बीमा उत्पाद के साथ अपने पिता की देखभाल सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। इससे न केवल अप्रत्याशित चिकित्सा खर्चों के खिलाफ चिंता घटती है, बल्कि सर्वश्रेष्ठ, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच भी मिलती है, जिससे हम सभी को चिंता मुक्त जीवन जीने में मदद मिलती है। जाहिर है, एक व्यापक स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी पिता के लिए बहुत अच्छा उपहार हो सकता है।

आदित्य बिड़ला हेल्थ बीमा रिपोर्ट ने बताया देश के लोगों का हेल्थ को लेकर न्यू नॉर्मल

भोपाल। नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल ग्रुप आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड (एबीसीएल) की स्वास्थ्य बीमा सहायक कंपनी आदित्य बिडला हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एबीएचआईसीएल) ने न्यू हेल्थ नॉर्मल रिपोर्ट पेश की है। भारत में हेल्थ इको सिस्टम में एक प्रमुख कंपनी होने के नाते यह सर्वेक्षण किया गया। सर्वेक्षण को सेहत के लिहाज से उपभोक्ता व्यवहार में आए बड़े बदलावों का जायजा लेने के लिए डिजाइन किया गया था। पूरे भारत के 19 प्रमुख शहरों में 6600 उत्तरदाताओं से सर्वे के जवाब लिए गए।

कोविड-19 के साथ उपजी अनिश्चितता और चिंता ने लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे पर पहले से कहीं अधिक ध्यान देने के लिए मजबूर किया है। रिपोर्ट से पता चलता है कि महंगी लागत और लोग क्या कहेंगे कि सोच के चलते तीन में से दो उत्तरदाता अभी भी अपने मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बात करने के लिए किसी विशेषज्ञ तक पहुंचने में संकोच महसूस करते हैं जबकि 89त्न उत्तरदाताओं का मानना है कि मानसिक स्वास्थ्य परामर्श को उनके स्वास्थ्य बीमा में शामिल किया जाना चाहिए। इसलिए, मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता है। बीमा क्षेत्र भी इसमें सक्रिय रूप से शामिल हो रहा है क्योंकि न्यू नॉर्मल% में मैटल हेल्थ का मुद्दा इतना बड़ा पहले कभी नहीं रहा है। सर्वेक्षण के निष्कर्षों पर बोलते हुए आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस के सीईओ श्री मयंक बथवाल ने कहा, %महामारी के कारण, %न्यू हेल्थ नॉर्मल में, लोग स्वास्थ्य केंद्रित जीवन शैली के महत्व को महसूस कर रहे हैं और सक्रियता से काम कर रहे हैं। ऐसे रास्ते तलाश रहे हैं जो इस स्वस्थ जीवन शैली का समर्थन कर सके, चाहे वह ऑनलाइन हो या ऑफलाइन।

कमलनाथ को दिया गुर्जर समाज का आमंत्रण

भोपाल। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुखिया एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को उनके भोपाल स्थित आवास पर कल 23 जून को दोपहर 11 बजे मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आयोजित ऑल इंडिया गुर्जर विकास संगठन के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र हरसाना के नेतृत्व में आज दिया गुर्जर समाज के मीडिया प्रभारी एवं जिला पंचायत सदस्य नर्मदापुरम ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी कमलनाथ को दी मध्य प्रदेश के सभी गुर्जर समाज के लोगों से कल भोपाल में आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने का आव्हान किया है मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुखिया कमलनाथ से गुर्जर समाज के लिए विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक टिकट मांगी जाएंगी आज कमलनाथ को आमंत्रण पत्र देने वालों में श्रीमती राजकुमारी गुर्जर दयाल सिंह गुर्जर मौजूद रहे।

एयरटेल पेमेंट्स बैंक अब केयर हेल्थ इंश्योरेंस की कॉम्प्रिहेंसिव हेल्थ इंश्योरेंस सुविधा एयरटेल थैंक्स ऐप पर प्रदान करेगा

नई दिल्ली, एजेंसी। एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने अपने ग्राहकों को आसानी से हेल्थ इंश्योरेंस उपलब्ध कराने के उद्देश्य से केयर हेल्थ इंश्योरेंस के साथ कॉरपोरेट एजेंसी एग्रीमेंट किया है। इस समझौते के अंतर्गत, एयरटेल पेमेंट्स बैंक अपने ग्राहकों को एयरटेल थैंक्स ऐप के बैंकिंग सेक्शन के माध्यम से केयर हेल्थ इंश्योरेंस के कॉम्प्रिहेंसिव इंश्योरेंस स्कीम ग्रुप केयर 360ए के साथ अन्य प्रोडक्ट्स भी उपलब्ध कराएगा। एयरटेल पेमेंट्स बैंक के ग्राहकों को ग्रुप केयर 360ए के माध्यम से अपने पूरे परिवार के लिए संपूर्ण बीमा कवरेज प्राप्त करने की सुविधा प्राप्त होगी। ग्राहकों के पास बीमा राशि के लिए ?50,000 से शुरू होकर ?500,000 तक के विभिन्न विकल्प उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, इसमें पहले से मौजूद बीमारियों और डे केयर ट्रीटमेंट के लिए कवरेज सहित कई अन्य लाभ भी शामिल हैं। यह स्वास्थ्य बीमा भविष्य में किसी भी अप्रत्याशित या आपात चिकित्सा स्थिति में पॉलिसीधारक को आर्थिक रूप से करेगा। एयरटेल थैंक्स ऐप के माध्यम से ग्राहक इस हेल्थ इंश्योरेंस के लिए नामांकन सुरक्षित और सरल तरीके से कर सकते हैं।

गैलेक्सी एफ 54 5जी की सेल सेगमेंट में अग्रणी 108 मेगापिक्सल के नो शेक कैमरा, 6000 एमएएच की बैटरी, 6.7'' के एसएमोलेड+ डिस्प्ले के साथ आज से शुरू हुई

गुरुग्राम, एजेंसी। सैमसंग के सबसे प्रीमियम एफ सीरीज़ स्मार्टफोन, गैलेक्सी एफ 54 5जी की सेल आज से शुरू हुई। गैलेक्सी एफ 54 5जी की स्लीक और प्रीमियम एस्थेटिक्स के साथ लेक्सी के आईकोनिक सिग्नेचर डिज़ाईन के कारण यह स्मार्टफोन बहुत ही आकर्षक दिखाई देता है।

गैलेक्सी एफ 54 5जी में श्रेणी की अग्रणी विशेषताएं हैं, जैसे इसमें 108मेगापिक्सल का नो शेक कैमरा, फ्लैगशिप कैमरा फीचर्स, जैसे एस्ट्रोलैप्स और नाईटोग्राफी, 6000 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी और एक बेहतर सुपर एमोलेड+ 120 हर्ट्ज़ डिस्प्ले है, जिसके कारण यह ग्राहकों को बहुत ही पसंद आएगा। इस स्मार्टफोन में अन्य आकर्षक विशेषताएं जैसे वॉईस फोकस और सैमसंग वॉलेट मशहूर नॉक्स सिक्योरिटी द्वारा सर्वोच्च स्तर की सुरक्षा प्रदान करती हैं। यह लेटेस्ट वन यूआई 5.1 पर चलता है। इसके साथ चार जनरेशन तक ऑपरेटिंग सिस्टम के अपडेट और पाँच साल तक सिक्योरिटी अपडेट मिलेंगे, ताकि यूज़र्स का अनुभव सदैव विश्वसनीय व अप-टू-डेट बना रहे। इसके अलावा, गैलेक्सी एफ 54 5जी ईको-फ्रेंडली सामग्री और सस्टेनेबल पैकेजिंग के साथ अत्याधुनिक टेक्नॉलॉजी द्वारा पर्यावरण के लिए सैमसंग की प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित करता है।

मूल्य, ऑफर, एवं उपलब्धता- दो खूबसूरत रंगों- मीटियर ब्लू और स्टारडस्ट सिल्वर में उपलब्ध गैलेक्सी एफ 54 5जी 8जीबी+ 256 2जीबी वैरिएंट में आता है। यह फ्लिपकार्ट, सैमसंग.कॉम, और रिटेल स्टोर्स पर आज से मिलेगा। इंट्रोडक्टरी ऑफर में गैलेक्सी एफ 54 5जी चुनिंदा बैंक कार्ड्स पर 20 जून तक 27,999 रु. के ऑल-इंक्लुसिव मूल्य में मिलेगा।

ट्रूक ने लॉन्च किए बीटीजी नीयो टीडब्ल्यूएस बड्स

नई दिल्ली। भारत के सबसे तेजी से बढ़ते ऑडियो ब्रांड ट्रूक ने आज अपने नवीनतम टीडब्ल्यूएस बड्स, ट्रूक बीटीजी नीयो पेश किया।इसमें क्रिस्टल क्लियर कालिंग के लिए 6 माइक्रोफोन, डुअल पेयरिंग, 35एमएस अल्ट्रा-लो लेटेंसी और इस सेगमेंट में पहली बार पेशअन्य कई फीचर हैं जो उपभोक्ताओं की उभरती मांगों को पूरा करेंगे। टीडब्ल्यूएस की कीमत अन्य से कम केवल 1699 रुपये है।ये आगामी 28 जून से ।ड्डंवदण्पदए थ्सपचांतजए और ज्तनामण्पद पर केवल 1499 रुपये के स्पेशल लॉन्च प्राइस परबिकने वाले हैं।कॉलिंग में तनिक बाधा नहीं:अच्छे ऑडियो के शौकीन लोगों की अलग-अलग आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन किए गए ट्रूक बीटीजी नीयो टीडब्ल्यूएस बड्स में नए इनोवेटिवफीचरों की एक पूरी रेंज़ है। यूजर छह बिल्ट-इन माइक्रोफोन से कॉल की बेजोड़ गुणवत्ता और बातचीत का इमर्सिव आनंद ले सकते हैं।

ब्रिक्स चैंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्टी ने रूबी सिन्हा को ब्रिक्स सीसीआई वी का अध्यक्ष नियुक्त किया

नयी दिल्ली, एजेंसी। ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्टी 1/4ब्रिक्स सीसीआई1/2 ने सुश्री रूबी सिन्हा को तीन वर्षों के लिए ब्रिक्स सीसीआइ की महिला शाखा ब्रिक्स सीसीआई वी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्टी ब्रिक्स और अन्य मित्र राष्टों के बीच सक्रिय व्यापार, वाणिज्य एवं उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने की दिशा में काम करता है। सुश्री रूबी सिन्हा ने सुश्री शबाना नसीम से कार्यभार ग्रहण किया है जो ब्रिक्स सीसीआई में कार्यकारी निदेशक और ब्रिक्स सीसीआई वी की मुख्य संरक्षक बन गई हैं। ब्रिक्स सीसीआई की महिला इकाई विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों और उद्योग में कामकाजी पेशेवर, उद्यमी, कारोबारी साझीदारों का एक विश्वसनीय कोष बनाने और नियमित कार्यक्रमों के मंच एवं संवाद के अन्य रूपों का आयोजन कर सदस्यों के बीच कारोबार संबंधी संवादों को प्रोत्साहन देने की दिशा में प्रयासरत है। यह महिला पेशेवरों के लिए मार्ग दर्शन और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की भी सुविधा प्रदान करती है। इस नियुक्ति की घोषणा करते हुए ब्रिक्स सीसीआई के महानिदेशक डॉक्टर बीबीएल मधुकर ने कहा, श्हमारा दृढ़ विश्वास है कि सुश्री रूबी सिन्हा का विज़न, रणनीतिक कौशल और समर्पण से महिलाओं की यह इकाई सफलता की नयी ऊंचाइयों को छूएगी और इस चैंबर के संपूर्ण उद्देश्य को हासिल करने में उल्लेखनीय योगदान करेगी। ब्रिक्स सीसीआइ की तरफसे मैं उन्हें हार्दिक बधाई देता हूं। अपनी नयी भूमिका के बारे में ब्रिक्स सीसीआइ वी की अध्यक्ष सुश्री रूबी सिन्हा ने कहा, श्ऐसे समय मे जब जी20 का ध्यान लिंग आधारित समावेशिता एवं कौशल पर है और हमारे माननीय प्रधानमंत्री का इस दशक का विज़न एक टेक्नोलॉजी दशक 1/4टेकेड1/2 पर ध्यान केंद्रित करने का है, ब्रिक्स सीसीआई की महिला इकाई के मामलों की जिम्मेदारी मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है।

रानी दुर्गावती गौरव यात्रा का शुभारंभ करेंगे बैतूल सांसद

छिंदवाड़ा। बैतूल के सांसद दुर्गादास आज वीरांगना रानी दुर्गावती गौरव यात्रा का रानी दुर्गावती चौक खजरी रोड से करेंगे।

महिला ने की पटवारी के खिलाफ फोटो खींचने की शिकायत

परासिया। चांदामेटा की एक महिला के द्वारा क्षेत्र के पटवारी के खिलाफ बजरंगदल के साथ मिलकर एसडीएम से शिकायत की है । पटवारी पर महिला ने उसकी बेटी की फोटो खींचने का आरोप लगाया है । वहीं पटवारी ने इन आरोपों को निराधार बताया है । शिकायत चांदामेटा वार्ड 12 निवासी अनिता विश्वकर्मा, संगीता एंव व्हिप के प्रदीप विश्वकर्मा, बजरंग दल के दुर्गेश यादव रुपेश इरपाची सहित अन्य लोगों ने की है । जिसमें कहा गया है, कि पटवारी द्वारा अनीता विश्वकर्मा की घर में बिना अनुमति के घुसकर फोटो खींची गई। इस दौरान महिला की एक बच्ची स्नान भी कर रही थी। शिकायत में पटवारी द्वारा ऐसा बार बार किए जाने की भी बात की गई है। हालांकि शिकायत पत्र में घटना दिनांक का उल्लेख नहीं है । वहीं पटवारी ने इस आरोप को निराधार बताते हुए कहा , कि दरअसल उसके द्वारा वार्ड 12 में एक सीमांकन किया गया था। जिसमें उक्त महिला के परिजनों द्वारा अतिक्रमण किया जाना सामने आया है। जिस पर उन्हें नोटिस भी दिया गया है ।

मामले की निष्पक्ष जांच करेंगी: तहसीलदार

तहसीलदार सविता यादव का कहना है, कि वे मामले की निष्पक्ष जांच करेंगी और जो दोषी होगा उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी ।

जुआ फड़ पर देहात थाने की रैड, सवा लाख नगद सहित साढ़े 5 लाख का माल जब्त

छिंदवाड़ा। देहात थाने की पुलिस टीम ने गुरैया बजरंग नगर में चल रहे जुआ फड़ पर रेड डाली। यहाँ से 8 जुआरियों को दबोचा, जिनसे एक लाख 21 हजार 180 रुपए जब्त किए गए। पुलिस ने फड़ से 9 महंगे मोबाइल, 6 मोटरसाइकिल सहित कुल 5 लाख 51 हजार का माल जब्त किया है।

इन जुआरियों को पकड़ा

जिन जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा, उनमें मयूर साहू निवासी गांगीवाड़ा, राजेंद्र सिंह निवासी कुकडा जगत, दिलीप राठौर निवासी परासिया,नीरज रघुवंशी निवासी धरम टेकरी, गजानंद भरद निवासी चंदन गांव, प्रकाश सिंह निवासी मोहन नगर, प्रशांत लोनखर निवासी गुरैया,प्रदीप सिंह निवासी बरारीपुरा छिंदवाड़ा शामिल है।

ये है रेड डालने वाली पुलिस टीम

पुलिस अधीक्षक विनायक वर्मा के निर्देशन में देहात टी आई जी. एस. उईके, प्रधान आरक्षक 565 लीलाधर कुसमरिया, अरुण शर्मा, योगेंद्र बेलवंशी, चालक प्रधान आरक्षक बिजेंद्र कुसरे आरक्षक, सुनील परते, सौरव सलामे, गजानंद मर्रापे, ओमवीर जाट,मैनसिंह उइके शामिल थे।

बच्चों, किशोर-किशोरियों एवं महिलाओं की सुरक्षा के लिये शक्ति मोबाइल एप लांच

छिन्दवाड़ा। किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 के अंतर्गत कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला बाल संरक्षण एवं कल्याण समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले द्वारा पीड़ित व जरूरतमंद बच्चों और महिलाओं की सहायता के लिये जिले में नवाचार करते हुये शक्ति मोबाइल एप को लांच किया गया। यह शक्ति एप कलेक्टर श्रीमती पटले के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के सहयोग (एन.आई.सी) से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन वात्सल्य और मिशन शक्ति के संयुक्त तत्वावधान में बच्चों, किशोर किशोरियों एवं महिलाओं के स्वास्थ, पोषण, सुरक्षा, शिक्षा आदि से सम्बंधित सेवाओं और सरकारी योजनाओं की हितधारकों तक सीधे और आसान पहुँच सुनिश्चित करने व निगरानी तंत्र मजबूत कर सेवाओं के सुधार के लिये जिले के समुदाय के आम लोगों के उपयोग के लिये तैयार किया गया है । जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती ज्योति ठाकुर के निर्देशन में तैयार शक्ति एप में ममता संस्था के निलेश दुबे द्वारा तकनीकी सहयोग दिया गया जिसका प्रस्तुतिकरण बाल संरक्षण अधिकारी श्री चन्द्रशेखर नागेश द्वारा किया गया।

9 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया

सौंसर। शासकीय सी एम राइज विद्यालय में 9 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन एवं माल्यार्पण के साथ मुख्य अतिथियों द्वारा की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा डागा, भूतपूर्व विधायक नानाभाऊ मोहोड, प्राचार्य श्रीमती शैलजा बत्रा, उप प्राचार्य संजय गवनेकर ,प्रधान पाठक कमलाकर रूंघे, रविशंकर पाटील, श्रीमती वैशाली कोरडे, गणमान्य नागरिक,पालकगण, समस्त शालेय स्टॉफ एवं विद्यार्थियों ने विद्यालय प्रांगण में दूरदर्शन पर जबलपुर से सीधा प्रसारण के निर्देशानुसार योग एवं प्राणायाम किया।

मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना में मिले 1000 रु., महिलाओं ने भरवाया सिलेंडर

बच्चों को दिलाया बैग, फल-दवाइयां लेकर रख रहीं अपने स्वास्थ्य का ध्यान

छिंदवाड़ा। मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अंतर्गत छिंदवाड़ा जिले की 3 लाख 91 हजार से भी अधिक महिलाएं लाभान्वित हुई हैं। तकनीकी समस्या अथवा डीबीटी सक्रिय न होने वाले प्रकरणों को छोड़कर शेष सभी महिलाओं के खातों में योजना के अंतर्गत प्रथम मासिक सहायता राशि ?1000 पहुंच चुकी है। यह राशि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने में बड़ी उपयोगी सिध्द हो रही है और उनकी जरूरतों में काम आ रही है। इस बारे में जिले की लाडली बहनों ने अपने अनुभव साझा किये हैं।

छिंदवाड़ा जिले के ग्राम धनेगांव की लाडली बहन श्रीमती चंद्रकला ने बताया कि भैया श्री शिवराज सिंह चौहान ने मेरे खाते में जो एक हजार रूपए भेजे हैं, वो घर के लिए गैस सिलेंडर भरवाने में काम आए। जब मैंने सिलेंडर भरवाने के लिए अपने खाते से पैसे निकाले तो एक अलग ही स्वाभिमान और खुशी महसूस हो रही थी। घर चलाने में आर्थिक सहयोग करने की खुशी मेरी मुस्कुराहट बन रही है ।

तहसील अमरवाड़ा के ग्राम रजोला की श्रीमती पिंकी मुनेरे मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना शुरू होने से बहुत खुश हैं। उन्होंने बताया कि मैं तीन माह से गर्भवती हूं, ऐसे समय में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अंतर्गत मिली राशि मेरे और मेरे होने वाले बच्चे के स्वास्थ्य के लिए बहुत काम आ रही है। इन रुपयों का उपयोग मैं दवाइयां और फल खरीदने में कर रही हूं। अब मुझे अपने पति या घर के अन्य सदस्यों पर इन चीजों के लिए निर्भर नहीं रहना पड़ रहा है।मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति धन्यवाद व्यक्त करते हुए ग्राम लोहिया की श्रीमती हेमवती जाधव ने बताया कि मेरे खाते में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की पहली राशि आ चुकी है। इसका उपयोग मैं अपने बच्चों की पढ़ाई में कर रही हूं। अभी बच्चों के लिए बैग और ड्रेस खरीदे हैं। आगे की राशि भी बच्चों की जरूरतों को पूरा करने में खर्च करूंगी। अपने बच्चों के लिए अपनी तरफ से कुछ कर पाने की खुशी देने के लिए मुख्यमंत्री जी को दिल से धन्यवाद। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से हमें आर्थिक मदद भर नहीं मिली है, हमारा आत्मसम्मान भी बढ़ा है।

उपसंचालक द्वारा ठेकेदार से मिलकर बनवाये घटिया शेड

उपसंचालक पशुपालन हरज्ञानसिंग पक्षवार के विरूद्ध संयुक्त पार्टी ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

छिन्दवाड़ा। संयुक्त क्रांति पार्टी के जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा (बल्ली) ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि ठेकेदार के साथ सांठ गांठ कर घटिया सेट बनाकर हड़प ली गई। जब संयुक्त क्रांति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री चंद चैरिया ,जिला संगठन मंत्री केशवराव चरपे के द्वारा कार्यक्रम के तहत ग्रामीण हितग्राही महिला संतिया पति सकरसिंह भारती जाति भारिया , राजकुमारी भारती ,सूतीबाई पति सकरलाल जाति भारिया ,कुसुम विनोद सरेयाम ने इस योजना की जानकारी न होने विभाग द्वारा योजनाओं की राशि हड़प लेने की जानकारी एवं विडियो मौके स्थल का साथ ही स्वयं शपथ पत्र देते हुए कार्यवाही की मांग की थी जिस पर संयुक्त क्रांति पार्टी ने न्याय एवं जांच हेतु माननीय मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति को पत्र लिखा था जिसकी जानकारी उपसंचालक को लगी उन्होंने जो योजना 19-20 एवं 21-22 की थी जिसे तत्काल जिसे शिकायत के बाद बताया जा रहा है एस.के.पी. में हितग्राहियों के साथ आज कलेक्टर छिन्दवाड़ा को पार्टी के उपाध्यक्ष सनद चैहान महासचिव ,अनिल वर्मा ,प्रवक्ता बबला शुक्ला , युवा अध्यक्ष जय चैरे ,एडवोकेट गोविन्द माहोरे ने ज्ञापन सौंपते हुए पक्षवार को गिरफ्तार करने की मांग की गई।

तामिया सहित सम्पूर्ण जिले में स्माल होल्डर पोल्ट्री के नाम शासन की योजना के तहत चयनित 150 आदिवासी गरीब महिलाओं को शत प्रतिशत अनुदान पर 1,80,000 रूपये से मुर्गीपालन एवं रोजगार हेतु मुर्गी सेट मुर्गी ,दाना ,दवा सहित अन्य सामग्री पर 1,80,000 रूपये खर्च कर आदिवासियों को लाभ देने की योजना थी जिसमें प्रति महिला को 1,80,000/- रूपये इस प्रकार कुल दो करोड़ सत्तर लाख रूपये खर्च होना था जो राशि उपसंचालक पक्षवार द्वारा

कौशल उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण आवेदन पत्र आमंत्रित

छिन्दवाड़ा। महिला एवं बाल विकास विभाग की मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत विपत्तिग्रस्त महिलाओं को कौशल उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न रोजगारोन्मुख विषयों का प्रशिक्षण दिया जाकर उन्हे रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। इस संबंध में प्रशिक्षण देने की इच्छुक पात्र संस्थाओं से आगामी एक सप्ताह के भीतर आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। इच्छुक पात्र संस्थायें निर्धारित तिथि तक सामाजिक न्याय कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिला महिला सशक्तिकरण अधिकारी कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर भरे हुये आवेदन इसी कार्यालय में जमा कर सकती हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने बताया कि मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत एन.सी.व्ही.टी.से पंजीकृत शासन से मान्यता प्राप्त ऐसी अशासकीय संस्थायें जिनकी डिग्री/प्रमाण पत्र शासकीय/अशासकीय सेवाओं में मान्य हो और वे उनके द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को रोजगार उपलब्ध करा सकती हों, वे आवेदन पत्र प्राप्त कर जमा कर सकती हैं।

समस्त देवों के आगे झुकाये शीष, धर्म गुरुओं ने दिया शुभाशीष

सम्पूर्ण जिले में समारोह पूर्वक मनाया सांसद नकुलनाथ का जन्मदिन

छिन्दवाड़ा। राजीव भवन छिन्दवाड़ा व नगर के विभिन्न क्षेत्रों व संस्थानों सहित सम्पूर्ण जिले के विभिन्न अंचलों में सांसद नकुलनाथ का जन्मदिन पूर्ण हर्षोल्लास के साथ समारोह पूर्वक मनाया गया। ढोल, धमाल, आतिशबाजी व गगन भेदी नारों के बीच जन्मदिन के मंगल गीत गाकर सभी ने इस विशेष दिन के उत्सव का आनंद लिया।नगर के विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना व दरगाहों पर चादर पेश करने के साथ ही कार्यकर्ताओं ने गुरुद्वारा साहेब में अरज लगाई प्रात: कालीन आयोजनों के उपरांत दोपहर स्थानीय राजीव भवन में मुख्य समारोह का शुभारंभ हुआ। पंडित बबलू शास्त्री महाराज, पास्टर रेवरेन्ट मोरविन लाल, गृन्थी ज्ञानी दिलीप सिंह व मौलाना नूरूलएन अशरफी ने इस अवसर पर धर्मानुसार स्लोक, मंत्र, अरदास व आयतो के साथ हुआ व प्रार्थनाये कर अपने युवा सांसद के दीर्घायु, निरोगी व सदैव सेवा कार्य में जुटे रहने की परमपिता से प्रार्थना की।

नगर महिला कांग्रेस ने मनाया सांसद नकुलनाथ जन्मदिवस

छिंदवाड़ा - नगर महिला कांग्रेस द्वारा प्रदेश के एकमात्र सांसद नकुलनाथ के 49 वें जन्म दिवस पर जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती किरण चैधरी के मार्गदर्शन में नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि श्रीमती संतोषी अनिल गजभिये ने वृद्धाश्रम पहुॅचकर केक काटा और मिष्ठान एवं फल वितरण किये एवं सभी वृद्धजनों से सांसद नकुलनाथ के लिये आशीर्वाद मॉगा और उनके दीर्घायु जीवन की कामना की । इस अवसर पर नगर महिला कांग्रेस की कार्यवाहक अध्यक्ष दीपा यादव, शहर उपाध्यक्ष साधना जंघेला, शहर सचिव नीता साहनी, अल्का ठाकुर, रानू डेहरिया एस.सी. सेल जिलाध्यक्ष, ज्योति राय एस.टी. सेल, ममता चोखे संगठन मंत्री, ज्योति डेहरिया, वार्ड अध्यक्ष सुनीता सूर्यवंशी, भारती यादव, रेखा शर्मा, वार्ड अध्यक्ष सुनीता सूर्यवंशी, संगीता ठाकुर, समीता ठाकुर, मीना पवार सहित वृद्धजन उपस्थित थे ।

महिला स्व सहायता समूह को प्रशिक्षित करेंगे: संजय पुन्हार

परासिया। महिला स्व सहायता समूह को प्रशिक्षित करने के बाद उन्हें रोजगार से जोड़ा जाएगा। ग्राम स्तर पर होने वाले मनरेगा के कार्यों में प्रगति लाने से ग्राम विकास संभव हो पाएगा। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुन्हार ने ग्राम पंचायत बरारिया और बेलगांव में समीक्षा बैठक के दौरान उक्त बातें करें। समीक्षा बैठक में पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष का स्वागत किया गया। ग्राम पंचायत के सरपंच मोहन कहार ने ग्राम की समस्याओं को रखते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यों से जलापूर्ति बाधित है, उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बेलगांव से पगारा होते हुए बरारिया से गुजरने वाली सड़क को 400 मीटर स्कूल तक बढ़ाए जाने की मांग की इसके अलावा अन्य समस्याओं को अध्यक्ष के समक्ष रखी। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुन्हार ने निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति प्रदान करने की बात कही, उन्होंने ग्राम की महिलाओं से महिला से कहा कि स्व सहायता समूह को प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार देने की बात कही। इसके अलावा ग्राम की उपस्थित नागरिकों की व्यक्तिगत समस्याओं में प्रधानमंत्री आवास योजना,संबल योजना, गरीबी रेखा में नाम जोड़ना, मनरेगा से होने वाली हितग्राही मूलक कार्यों की भी समीक्षा की। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि स्कूल बाउंड्री वाल के निर्माण के लिए जिला पंचायत के माध्यम से लोक शिक्षण संचनालय भोपाल प्रस्ताव भेजे गए हैं। ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण और ग्राम विकास के लिए राशि की स्वीकृति प्रदान करने के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की नारी सम्मान योजना के आवेदन फार्म भरवाने और लाभ लेने की बात कही । समीक्षा बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष के समक्ष अपनी समस्या खुल कर रखी।

योग दिवस मनाया

अमरवाड़ा। नगर की स्वरोजगार मुखी संस्था अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन (सेडी) पर मंगलवार को विश्व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग प्राणायाम का आयोजन किया गया जिसमें संस्था के सभी प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षक ने योग प्रणाम में हिस्सा लिया ।

जयभीम सेना ने संयुक्तमोर्चा के साथ दलित परिवार को न्याय दिलाने ज्ञापन सौंपा

छिन्दवाड़ा। जिले के परासिया ब्लॉक की भीमसेन घाटी ग्राम पंचायत मायावाड़ी शनि मंदिर के पास निवासरत रविदास समाज (अनुसूचित जाति) दलित समाज के पीड़ित परिवार का आरोप है कि उनकी वर्षो पुरानी पुस्तैनी मालिकाना हक की जमीन पर कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा कब्जा कर जमीन से बेदखल करने का प्रयास कर रहे है। जिसको लेकर आज जय भीम सेना ,ओबीसी महासभा जी.एस.यू.संगठन एवं गोंडवाना महासभा ने आम्बेडकर तिराहा परासिया रोड़ से सैकड़ों लोगों के साथ आक्रोश रैली के माध्यम से छिन्दवाड़ा जिला कलेक्टर को महामहिम राष्ट्रपति एवं राज्यपाल के नाम का ज्ञापन सौंपा गया। जिला पुलिस अधीक्षक महोदय जी को भी आवेदन दिया गया । कि उक्त मामले की उच्च स्तरीय जांच कर जमीन से बेदखल करने वाले दोषियों के विरूद्ध एट्रोसिटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर पीड़ित परिवार को उचित न्याय दिलाया जायें अन्यथा आगामी समय में समस्त सामाजिक संगठन मिलकर जिला प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन करेंगे। इसकी समस्त जबावदारी शासन एवं प्रशासन की होगी । जय भीम सेना अध्यक्ष शिवम् पहाड़े ,ओबीसी महासभा विपिन वर्मा ,अरविन्द यादव , पहाड़े आदि संगठन के लोग व पीड़ित ,सुनीता ,अनिता बरखे आदि उपस्थित थे।

मल्टी स्पेशिलिटी हास्पिटल

छिन्दवाड़ा ही नही पड़ोसी जिलों के लिए भी वरदान साबित हो रहा आरोग्य हेल्थ केयर : खण्डेलवाल

छिंदवाड़ा। 8 बेड की नई केजुलटी का शुभारंभ किया गया, इस नई केजुलटी की विशेषता है कि यह पर जिले की पहली ग्राउंड फ्लोर पर पूर्णत: एक्रिपेड आईसीयू फेसिलिटी साथ ट्रामा एक्सीडेंट केअर, क्रिटिकल केअर पल्मोनरी केअर,कार्डिक केअर डे केअर, 24 घंटे इमरजेंसी की शुरूआत की गई है । जैसा कि विदित है कि आरोग्य हास्पिटल ने पिछले पांच साल में चिकित्सा सुविधा के क्षेत्र में वो सुविधाएं मरीजों के लिए उपलब्ध कराई हैं जो न सिर्फ छिंदवाड़ा बल्कि आसपास के अन्य जिलों के अलावा कई बड़े शहरों के अस्पतालों में भी उपलब्ध नहीं हैं। उक्त बातें आरोग्य आस्पिटल के एमडी दीपक खण्डेलवाल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कही। पत्रकार वार्ता में डायरेक्टर श्रीमती पूज खण्डेलवाल, डॉ. महेश, डॉ. अजय राजपूत भी उपस्थित थे।

शहर का सबसे बड़ा और आई सी यू जैसी आधुनिक सुविधा युक्त ट्रामा और क्रिटिकल केयर सेंटर 24 घंटे योग्य डॉक्टर के साथ

आरोग्य हास्पिटल ने जिले मे चिकित्सा के क्षेत्र में नई सौगात दी है। यंहा जिले की सर्वप्रथम ग्राउंड फ्लोर पर ही ट्रामा सेंटर और क्रिटिकल केयर सेंटर की नई 8 बैड केजुएलिटी की शुरुआत की गई है।इमरजेंसी वाले गंभीर मरीजो को आठ बेड की इस स्पेशन केयर यूनिट में माइनर ओटी के साथ ग्राउंड फ्लोर पर ही मरीज के त्वरित उपचार जिसमे टांका,पट्टी ,प्लास्टर और अन्य इमरजेंसी सुविधा की पूरी व्यवस्था 24 घण्टे कियायती दरों में उपलब्ध है। गंभीर रूप से आए मरीज को तुरंत इलाज मिले इसके लिए यह सुविधा शुरू की गई है। जिले में किसी भी हास्पिटल में यह पहली सुविधा है। यह चिकित्सा व्यवस्था कई बड़ें शहरों में भी लोगों को उपलब्ध नहीं है। इसके लिए 24 घंटे यहां योग्य चिकित्सक और सहयोगी स्टाफ मौजूद रहेगा ।

10 बेड से की थी शुरुआत

2018 में शहर में सिर्फ 10बेड से शुरू हुआ यह हास्पिटल लगातार मरीजो को उत्तम स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के लिए अपनी सुविधाओ में विस्तार करते हुए 10 से 17 बेड और आज सर्वसुविधा युक्त 50 बैड और अत्याधुनिक कैथ लैब के साथ साथ ट्रामा यूनिट जिसमे माइनर ओटी के सुविधा जैसे बड़े अस्पताल के रूप में अपनी सेवाएं उपलब्ध करा रहा है।इन पांच सालों में त्वरित चिकित्सा उपचार के साथ सभी आधुनिक तकनीक के साथ गंभीर बीमारियों का सफल इलाज और आपेरशन कर आरोग्य ने लोगों को नया जीवन दिया है। सामान्य मरीज भी यहां इलाज कर सके ऐसी व्यवस्थाएं और सुविधाएं आरोग्य हास्पिटल ने मुहैया कराई।

हृदय रोगियों को नया जीवनदान दे रहा आरोग्य

एक साल में 500 से ज्यादा मरीजों की एंजियोग्राफी-एंजियोप्लास्टी की अन्य क्रिटिकल बीमारियों का भी योग्य चिकित्सकों ने किया सफल इलाज आरोग्य मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल शहर ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों के लोगों के लिए भी विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए अब सबसे विश्वसनीय चिकित्सा संस्थान बन गया है। सबसे ज्यादा राहत दिल के मरीजों ने पाई है। यह अस्पताल में आने वाले मरीजों की संख्या से ही पता चलता है कि एक साल में अब तक पांच सौ से ज्यादा दिल की गंभीर बीमारियों से ग्रस्त मरीजों की धड़कनों को फिर से सामान्य करने में इस अस्पताल के योग्य चिकित्सकों ने सफलता पाई है। हृदय रोगियों को एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी के जरिए नया जीवन दान इस आरोग्य मल्टी स्पेशिलिटी चिकित्सा संस्थान ने दिया है। ऐस मरीजों के लिए आरोग्य अस्पताल बेहदलाभदायक साबित हो रहा है। ये इलाज जो अब तक नागपुर, इंदौर, दिल्ली, चैन्नई, हैदराबाद में होता था अब वो जिले में ही आरोग्य ने लोगों को उपलब्ध कराया है। कैथ लैब की स्थापना के कारण यह सब यहां संभव हो पाया है इसके जरिए कुछ ही समय में बीमारी का पता लगाकर उसका त्वरित उपचार शुरू किया जा सका है।

पाइजन और क्रिटिकल केयर की बड़ी यूनिट

आरोग्य हर तरह की बीमारियों का एक ही जगह पर इलाज के लिए प्रतिबद्ध रहा है। संस्थान ने हर उस रोगों के इलाज की व्यवस्था के लिए यहां प्रयत्न किए हैं जिनके लिए लोगों को परेशान होते हुए दूसरे शहरों की तरफ भागना होता था। पाइजन यूनिट और क्रिटिकल केयर यूनिट भी इनमें से एक है। अपनी तरह की यह सबसे बड़ी यूनिट अस्पताल परिसर में ही स्थापित की गई है। यह सुविधा आसपास के चार-पांच जिलों में नहीं है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए आरोग्य ने ये सुविधा भी उपलब्ध कराई और इन दोनों यूनिटों के जरिए गंभीर से गंभीर हालात आए लोगों का समय पर और योग्य चिकित्सकों की त्वरित सेवा से फिर से समान्य किया है।

डायलिसिस सुविधा भी उपलब्ध

डायलिसिस के लिए नागपुर के अस्पतालों के चक्कर लगाने के लिए विवश मरीज और उनके परिजनों के लिए ये व्यवस्था भी आरोग्य मे मुहैया कराई है। इसी के साथ एक्सीडेंटल और किडनी संबंधी रोगों के मरीजों का इलाज भी अब बेहद कारगर तरीके से आरोग्य में किया जा रहा है। इन रोगों के इलाज के लिए भी लिए भी आरोग्य अव्वल नंबर पर बना हुआ है।कुल मिलाकर जिले में सबसे अच्छी और उत्कृष्ट सेवाएं आरोग्य अस्पताल दे रहा है।

योग एवं ध्यान से रहती है निरोगी काया: विनोद तिवारी

बड़ी संख्या में रोटेरियन ने किया विश्व योग दिवस पर योग

छिंदवाड़ा। विश्व योग दिवस 21 जून 2023 को रोटरी क्लब छिंदवाड़ा द्वारा रोटरी भवन सिवनी प्राण मोती नगर में योग शिविर का आयोजन प्रात: 7बजे से किया गया जिसका शुभारंभ रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोट. मनोज अग्रवाल,सचिव रोटे. विनोद तिवारी कोषाध्यक्ष अरविंद अग्रवाल योगाचार्य नरेंद्र सिंह वर्मा, शशि कुमार तिवारी एवम सीनियर रोटरी क्लब मेंबर्स बलदेव मिगलानी,अशोक अग्रवाल,पंकज अग्रवाल,नंदकिशोर डोडानी, सैलेंद्र वर्मा सहित गणमान्य जनों द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। स्वस्थ नागरिक समृद्ध एवम समर्थ राष्ट्र की परिकल्पना के साथ सूर्य की पहली किरण से प्रारंभ योग महोत्सव में शारीरिक मानसिक स्वास्थ अर्जित कर योग एवम भारतीय संस्कृति को गौरव प्रदान करने बड़ी संख्या में रोटरी क्लब परिवार एवम योग निष्ठ भाई बहनों ने बड़ी संख्या में यौगिक क्रियाओं में भाग लेकर योग दिवस मनाया। रोटरी क्लब द्वारा आयोजित योग शिविर में पतंजलि योग समिति के संरक्षक नरेंद्र सिंह वर्मा जी एवम पतंजलि योग समिति अध्यक्ष शशि कुमार तिवारी जी को रोटरी पदाधिकारियों द्वारा उनके योग के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए शाल श्रीफल एवम सम्मान पत्र भेट कर सम्मानित किया गया।योगचार्य श्री वर्मा जी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग की क्रियाये करवाते हुए योग प्रोटोकाल के तहत प्राणायाम,भ्रामरी प्राणायम, आलोम विलोम, कपाल भारती, सहित सभी योग की क्रियाये करवाते हुए योग ध्यान प्राणायाम करवाया । जिसमे बड़ी संख्या में रोटरी क्लब छिंदवाड़ा के पदाधिकारी मेंबर्स,अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन से जुड़े कर्मचारी रोटरी बोकेशनल ट्रेनिग सेंटर में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवक युवतियां,शहर के योग निष्ट भाई बहन ने योग शिविर में भाग लिया एवम यौगिक क्रियाएं की। आप सभी नियमित रूप से योग से जुड़े। इस अवसर पर सीनियर रोटेरियन बलदेव मिगलानी जी एवम अशोक अग्रवाल जी ने भी मार्गदर्शन दिया।योग शिविर को सफल बनाने अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन का सहयोग रहा।योग शिविर समापन पर सभी को अंकुरित आहार एवम जूस प्रदान किए गए।

वरिष्ठ नागरिक सेवा मंडल ने विष्व योग-संगीत दिवस मनाया

छिन्दवाड़ा- सजग परिषद् के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिक सेवा मंडल द्वारा दि.21 जून 2023 को विष्व योग तथा संगीत दिवस के अवसर पर नगर के इंदिरा गांधी प्रियदर्षिनी पार्क एवं जैवविविधता पार्क भरतादेव में प्रात: 07:30 बजे से 9:30 बजे तक उषापान ध्यान एवं हस्य योग किया गया। इस अवसर पर आचार्य स्वामी केषव, स्वामी प्रेम चंदन, प्रभु कृपाषंकर यादव, स्वामी अचल आदि का सानिध्य व मार्गदर्षन प्राप्त हुआ। लघु संगोष्ठि में योग एवं संगीत का हमारे दैनिक जीवन व स्वास्थ्य पर अनुकूल प्रभाव से अवगत कराया गया। इस आयोजन में रामकुमार सोनी, गणेष प्रसाद अग्रवाल, मोहन लाल शर्मा, के.एस.यादव, शेर सिंह मोखलगाय, भगवान दास नन्दनवार, राजू श्रीवास्तव, रमेष ठाकुर आदि की विषेष सहभागिता रही।

सामूहिक सूर्य नमस्कार व योग अभ्यास

बिछुआ। नगर के ब्लाक कॉलोनी दशहरा में मध्यप्रदेश शासन के निर्देशन सामूहिक सूर्य नमस्कार व योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन सुबह 6 बजे से किया गया। योगाचार्य देवी प्रसाद डेहरिया के द्वारा उपस्थित जन समुदाय को सूर्य नमस्कार एवं योग अभ्यास के नित जीवन में फायदे बताएं गयें। कार्यक्रम जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जिसमें जनप्रतिनिधि में भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत नागरे, संदीप रघुवंशी, खेमचंद बंदेवार, पूजा किशोरी, प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी में आयुष चिकित्सा डॉ हेमंत दुबे, आईसीडीएस पर्यवेक्षक मालती टेंभरे, सीएम जन सेवा मित्र उमेश साहू, अभिषेक विश्वकर्मा, प्रज्ञा इंदौरकर, गेशासु रघुवंशी, योग सहयोगी बंसत दुबे, अर्जुन कामड़े, शैलेन्द्र दुबे आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने सहभागिता दी। सुभाष पार्क छोटा तलाव में योग दिवस की उपलक्ष पर नवरत्न हेप्पी क्लब एवं सत्यम शिवम सुंदरम मॉर्निंग ग्रुप के द्वारा तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें योग आचार्य श्री मनमोहन साहू द्वारा योगाभ्यास कराया गया योग दिवस के अंतिम दिन डॉक्टर दियाबार एवं श्रद्द कॉलेज के स्टूडेंट द्वारा योग प्रदर्शन क्या गया

योग, ध्यान, सूर्य नमस्कार और प्रणायाम किये

छिंदवाड़ा। श्री शक्ति ट्रस्ट द्वारा संचालित संत आशाराम गुरुकुल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास मनाया गया। सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने योग, ध्यान,सूर्य नमस्कार और प्रणायाम किये । इस अवसर पर गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर ने बताया कि योग हमारी सनातन संस्कृति की प्राचीन परंपरा है । हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज पूरा विश्व योग दिवस मना रहा है ।

मध्यप्रदेश शासन
आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत के शौर्य और स्वाभिमान की प्रतीक **वीरांगना रानी दुर्गावती**

बलिदान दिवस
24 जून, 1564



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

गौरव यात्रा
22-27 जून 2023

शुभारंभ
अमित शाह
केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री
भारत सरकार
द्वारा

22 जून 2023 | सायं 4:00 बजे
श्याम बिहारी शासकीय माध्यमिक विद्यालय
बालाघाट, मध्यप्रदेश





"भारत के शौर्य, स्वाभिमान, शक्ति और सुशासन की प्रतीक वीरांगना रानी दुर्गावती को कृतज्ञ मध्यप्रदेश का कोटि-कोटि नमन्। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में जनजातीय गौरव की पुनर्स्थापना और जनजातीय समाज के सशक्तिकरण का संकल्प पूरा हो रहा है।"

शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP

D-11050/23

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023